शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 92 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 28 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## देश के चार हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी के हड़कंप

**नई दिल्ली**

**देश** के चार हवाई अड्डों को बीते दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एक ई-मेल के जरिए ये दावा किया गया कि कोलकाता हवाई अड्डे सहित देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। ये खबर मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये ईमेल 26 अप्रैल को मिला था, जिसमें दावा किया गया कि देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। जानकारी मिलते ही हवाईअड्डों की गहन जांच की गई और बाद में ये धमकी अफवाह निकली।

**बीते दिन** जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जिसके बाद हडकंप मच गया। हवाई अड्डे के अधिकारिक फीडबैक आईडी पर शुक्रवार दोपहर में धमकी का ईमेल आया था। इसके बाद हवाई अड्डे के सुरक्षाकर्मियों और बम निरोधक दस्ते ने सर्च ऑपरेशन चलाया। साइबर टीम भी मौके पर पहुंची।

**मेल में लिखा- पकड़ सको तो पकड़ लो...**

ईमेल में कहा गया था कि हवाई अड्डे के प्रवेश द्वार पर बम रखा गया है। मेल में लिखा था कि मैं बेंगलुरु में बैठा हूं पकड़ सको तो पकड़ लो। उल्लेखनीय है कि पिछले चार महीने में इस तरह की यह तीसरी धमकी है।

## छह देशों को 99,150 मीट्रिक टन प्याज के निर्यात की दी अनुमति

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने छह देशों को 99,150 मीट्रिक टन प्याज के निर्यात करने की अनुमति दी है। इन छह देशों में बांग्लादेश, यूएई, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका हैं। केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि बांग्लादेश, यूएई, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99,150 मीट्रिक टन प्याज का निर्यात करने की अनुमति दी गई है। इन देशों को केंद्रीय एजेंसी नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) प्याज का निर्यात करेगी।

इसके साथ ही भारत सरकार ने मध्य-पूर्व और कुछ यूरोपीय देशों के निर्यात बाजारों के लिए विशेष रूप से उगाए गए 2000 मीट्रिक टन सफेद प्याज का निर्यात करने की भी अनुमति दी है।मंत्रालय के मुताबिक देश में प्याज का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते महाराष्ट्र एनसीईएल द्वारा निर्यात के लिए खरीदे गए प्याज का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। रबी सीजन-2024 में प्याज के बफर स्टॉक के लिए खरीद का लक्ष्य इस वर्ष 5 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष की तुलना में 2023-24 में खरीफ और रबी फसलों के कम होने के अनुमान और अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग बढ़ने की पृष्ठभूमि में पर्याप्त घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# 'इंडिया गठबंधन 5 साल में पांच पीएम बनाएगा'

## इनका एक ही एजेंडा- सरकार बनाओ, नोट कमाओ; इनकी सोच में तुष्टिकरण: पीएम मोदी

**कोल्हापुर**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक बार फिर कहा- कांग्रेस की सरकार आई तो वो महिलाओं के सोने-चांदी की जांच करवाएगी और इसे अल्पसंख्यकों में बांट देगी। पीएम ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आई तो ये सीएए को खत्म कर देंगे। कश्मीर में धारा 370 को वापस लाएंगे। ये वो लोग हैं जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर बनने का विरोध किया। इतना ही नहीं तमिलनाडु में इनकी करीबी पार्टी डीएमके के नेता डेंगू और मलेरिया से तुलना कर सनातन धर्म को बदनाम कर रही है। महाराष्ट्र में इन्हें सम्मान के साथ बुलाया जाता है। अब ये फॉमूर्ला निकालने में लगे हैं कि एक साल एक पीएम। यानी, पांच साल में पांच प्रधानमंत्री। ये देश कभी सहन करने वाला नहीं है। इनका एक ही एजेंडा है- सरकार बनाओ, नोट कमाओ।

**बीजेपी और एनडीए 2.0 से आगे चल रहे हैं**

पीएम बोले- कोल्हापुर, महाराष्ट्र का फुटबॉल हब है। फुटबॉल यहां के युवाओं में बहुत पॉपुलर है। इसलिए मैं फुटबॉल की भाषा में कहूं तो कल दूसरे चरण का मतदान पूरा होने के बाद बीजेपी और एनडीए 2.0 से आगे चल रहे हैं। कांग्रेस और इंडी अलायंस ने देश विरोधी और नफरत की राजनीति के दो सेल्फ गोल कर लिए हैं इसलिए ये पक्का हो गया है कि फिर एक बार मोदी सरकार।

**कांग्रेस धारा 370 बहाल करना चाहती है**

प्रधानमंत्री ने कहा- जब कांग्रेस और उसके दोस्तों को एहसास हुआ कि वे एनडीए के विकास के ट्रैक रिकॉर्ड का मुकाबला नहीं कर सकते, तो उन्होंने अपनी रणनीति बदल दी। वे राष्ट्रविरोधी एजेंडे और तुष्टीकरण का इस्तेमाल कर रहे हैं। अब, कांग्रेस का एजेंडा है कि वे कश्मीर में धारा 370 को फिर से बहाल करेंगे। मोदी ने कहा- ये लोग कह रहे हैं कि इनकी सरकार बनी तो ये लोग सीएए रद्द कर देंगे।



### 'विपक्ष का एजेंडा- सरकार बनाओ, नोट कमाओ'

**पीएम** ने कहा कि इंडिया एलायंस वोट बैंक की राजनीति में इतना नीचे गिर गया है कि उन्होंने औरंगजेब को मानने वाले लोगों के साथ गठबंधन किया है।

कांग्रेस और इंडी अघाड़ी का एक ही एजेंडा है- सरकार बनाओ, नोट कमाओ। जबकि हमने देश के विकास के लिए काम किया है। एनडीए ने युवाओं और महिलाओं को केन्द्र में रखकर काम किया। एनडीए ने आत्मनिर्भर भारत अभियान चलाया ताकि देश में उद्योग बढ़े। याकूब मेनन की कब्र को संवारने वाले लोग से आप कोल्हापुर, महाराष्ट्र का भाग्य बदलने की उम्मीद नहीं कर सकते हैं।

इसलिए कोल्हापुर से एनडीए के उम्मीदवार को भारी मतों से जिताकर मोदी के हाथ को मजबूत कीजिए। इलेक्शन कमीशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बांसवाड़ा में दिए गए बयान की जांच शुरू कर दी है।



### कांग्रेस आपकी संपत्ति की जांच करवाएगी: मोदी

**क्या** ये देश इनको करने देगा। जिन लोगों के तीन अंकों में लोकसभा सीट जीतने के लाले पड़ हो। क्या ये इंडिया गठबंधन सरकार के दरवाजे तक पहुंच सकते हैं? अब ये फॉमूर्ला निकालने में लगे हैं कि एक साल एक पीएम। यानी, पांच साल में पांच प्रधानमंत्री। ये देश कभी सहन करने वाला नहीं है।

**कांग्रेस आपकी संपत्ति की जांच करवाएगी**

प्रधानमंत्री ने कहा- कांग्रेस के शहजादे ने घोषणा की है कि आपकी संपत्ति और महिलाओं के गहने और सोने-चांदी की जांच करवाएंगे। आपकी कमाई को कांग्रेस उन लोगों में बांटेगी... जिसका इस पर पहला हक है, जैसा कि कांग्रेस वाले बताते हैं। तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस किसी भी हद तक गिर सकती है।

**कांग्रेस ने राम मंदिर बनाने का विरोध किया**

प्रधानमंत्री ने कहा- अयोध्या में राम मंदिर का 500 साल पुराना सपना पूरा हुआ है। दशकों तक राम मंदिर को बनने से रोकने वाली कांग्रेस ने उसका भी बहिष्कार किया। कांग्रेस वालों ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को भी ठुकरा दिया। जबकि अयोध्या के अंसारी और उनका परिवार, जो जिंदगी भर राम मंदिर के विरूध अदालत में केस लड़ता रहा, लेकिन जब न्यायालय ने कहा कि ये राम मंदिर है। तो अंसारी खुद राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में मौजूद रहे।

## समान नागरिक संहिता लागू करना पीएम मोदी की गारंटी: शाह

**नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश में समान नागरिक संहिता लागू करना पीएम मोदी की गारंटी है। कांग्रेस कहती है कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुस्लिमों का है। मैं आज गुना की धरती पर कहकर जाता हूं कि इस देश के संसाधनों पर गरीब, दलित, ओबीसी और आदिवासियों का सबसे पहला अधिकार है। कांग्रेस ने 70 सालों तक राम मंदिर का मुद्दा दबाकर रखा, इसी तरह अनुच्छेद-370 को गोद में खेलाती रही लेकिन मोदी जी ने उसे झटके से खत्म कर दिया। उन्होंने यह बातें शुक्रवार को मध्य प्रदेश में गुना संसदीय क्षेत्र में चुनावी सभा में कहीं। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ फिर से लाएंगे। कांग्रेस पार्टी शरिया कानून से देश को चलाना चाहती है। कांग्रेस मुस्लिम पर्सनल लॉ के माध्यम से पिछले दरवाजे से शरिया कानून लाना चाहती है। राहुल बाबा तुष्टीकरण के लिए जो करना है कर लो, देश समान नागरिक संहिता (यूसीसी) से ही चलेगा। इसके बाद उन्होंने राजगढ़ के खिलचीपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया।

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह को हाईकोर्ट ने दी जमानत

**प्रयागराज**

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को जमानत दे दी है, लेकिन उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जौनपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने अपहरण और जबरन वसूली मामले में उनको सात साल की सजा सुनाई थी। सजा बरकरार रहने के कारण धनंजय सिंह चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। यह आदेश जस्टिस संजय कुमार सिंह की बेंच ने धनंजय सिंह की सजा के खिलाफ दाखिल अपील पर दिया है। नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल



का अपहरण कराने, रंगदारी मांगने, गालियां और धमकी देने के आरोपित धनंजय सिंह की जमानत अर्जी पर हाई कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। सिंह को आज ही बरेली जेल में शिफ्ट किया गया है।

## राहुल गांधी 1 मई को अमेठी से कर सकते हैं नामांकन

**अमेठी**

**उत्तर प्रदेश** में अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीटों से कांग्रेस के उम्मीदवारों के नाम का आज ऐलान हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस जल्द अमेठी से राहुल गांधी के नाम का ऐलान कर सकती है। अगर राहुल गांधी के नाम पर मुहर लग जाती है तो अमेठी में एक बार फिर राहुल गांधी बनाम स्मृति ईरानी की लड़ाई तेज हो जाएगी। जानकारी तो ये भी सामने आ रही है कि राहुल गांधी 1 मई को नामांकन दाखिल कर



सकते हैं। बीजेपी अब तक गांधी परिवार की यूपी की राजनीति से विदाई का अभियान चला रही थी लेकिन राहुल गांधी की अमेठी में वापसी से कांग्रेस और बीजेपी का संग्राम और तेज हो जाएगा।

जानकारी के मुताबिक आज राहुल गांधी के प्रचार का कोई कार्यक्रम नहीं है। यानी आज का दिन अमेठी और रायबरेली पर मंथन के लिए सुरक्षित रखा गया है।

जानकारी के मुताबिक आज ही अमेठी के साथ रायबरेली सीट के उम्मीदवार के नाम का भी फैसला होने वाला है। रायबरेली से प्रियंका का नाम तय किये जाने की उम्मीद है। सोनिया गांधी के चुनावी राजनीति से अलग रहने के ऐलान के बाद रायबरेली में भी सस्पेंस बना हुआ है।

## एक अंकल जी दरबार लगाकर ज्ञान दे रहे हैं: प्रियंका गांधी




**मुंबई**

**कांग्रेस महा**सचिव प्रियंका गांधी ने शनिवार को लातुर में कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुटकियों में सारी समस्या हल कर देते हैं तो वे देश की सबसे बड़ी समस्या महंगाई और बेरोजगारी का समाधान क्यों नहीं कर पा रहे हैं।

प्रियंका गांधी लातुर में कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित प्रचार सभा को संबोधित कर रही थीं। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा महंगाई और बेरोजगारी है, केंद्र सरकार में 30 लाख सरकारी पद खाली हैं लेकिन मोदी सरकार ने उन्हें नहीं भरा है। बेरोजगारी के साथ-साथ महंगाई भी काफी बढ़ गई है। मोदी ने पेट्रोल, डीजल, गैस सिलेंडर, खाद्य तेल, सोना, चांदी की महंगाई का तोहफा दिया। कृषि सामग्रियों पर जीएसटी लगा दिया, मोदी सरकार ने लोगों को हर तरफ से परेशानी में डाल दिया है। भाजपा का दावा है कि नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे ताकतवर नेता हैं और हर समस्या का समाधान चुटकियों में कर देते हैं, उन्होंने रोजगार की समस्या और महंगाई की समस्या का समाधान क्यों नहीं किया। प्रियंका गांधी ने अपने भाषण की शुरूआत मराठी में की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र ने सामाजिक न्याय की परंपरा को संरक्षित रखा है।

### 'वोट देने से पहले अपने भविष्य के बारे में सोचें'

**प्रियंका** ने कहा कि ये मोदी की पार्टी के सांसद ही थे जो संविधान बदलने की भाषा बोलते थे और बीजेपी में मोदी की इजाजत के बिना एक पन्ना भी नहीं हिलता, सांसद उनकी इजाजत से ही संविधान बदलने की बात करते थे लेकिन अब उनकी भाषा बदल गई है। 70 साल में कुछ नहीं हुआ, एक बार मोदी ने कहा था कुछ नहीं हुआ, लेकिन जनता ने मोदी को 10 साल के लिए सत्ता दे दी, बताओ इन 10 साल में आपने क्या किया।

## पहले की सरकार आतंकियों को बिरयानी खिलाती थी: योगी

**औरैया**

औरैया जिले में अजीतमल के जनता इंटर कॉलेज में शनिवार को जनसभा को संबोधित करने पहुंचे योगी आदित्यनाथ के 28 मिनट के भाषण ने खूब सियासी पारा चढ़ाया। भाषण के पहले चरण में जहां मोदी सरकार के कार्यकाल में हुए जनहितकारी कामों को बताया तो दूसरे चरण में विपक्ष पर खूब बरसे। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत तय होने का दावा किया। इसके बाद जनता को



संबोधित करते हुए कहा कि पहले की सरकार आतंकवादियों को बिरयानी खिलाती थीं। अब देश में कोई भी पटाखा फूटता है तो पाकिस्तान सामने आकर सफाई देता है कि मेरा हाथ नहीं है। मोदी सरकार की कार्यशैली को इसी से जाना जा सकता है। आचरण के पैमाने को लेकर कहा कि बाबू कल्यान सिंह के देहांत पर सांत्वना देने से कतराने वाले सपाई माफियाओं के जनाजे में शोक दिखाने पहुंचे हैं। भाजपाई सपा सुप्रीमो मुलायम सिंह के देहांत होने पर भी पहुंचे थे। कांग्रेस आपकी विरासत में नजर डाल रही है। जिसे छीनने का प्रयास करेगी। पिछड़ी जातियों का आरक्षण मुसलमानों को देने का प्रयास भी करेगी। क्या आप इसे स्वीकारेंगे.....। विपक्ष के बारे में बोलते हुए जनता से सीधे तौर पर जुड़ने का प्रयास किया।

## कुकी उग्रवादियों के हमले में दो जवान शहीद

**इंफाल**

**मणिपुर के ना**रानसेना इलाके में आधीरात से 2:15 बजे के मध्य कुकी उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवान शहीद हो गए। 128वीं बटालियन के ये दोनों जवान राज्य के बिष्णुपुर जिले के नारानसेना इलाके में तैनात थे। मणिपुर पुलिस ने यह जानकारी दी। मणिपुर पुलिस के एक्स हैंडल के अनुसार, सुरक्षा बलों का पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान शुरू है।

## हेलीकॉप्टर पर बैठने के दौरान गिर पड़ीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

**कोलकाता**

**पश्चिम ब**ंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक बार फिर चोटिल हुई हैं। दुगार्पुर में चुनाव प्रचार के लिए जाते समय जब वह हेलीकॉप्टर में बैठ रही थीं तो गिर पड़ी। हालांकि उन्हें बहुत हल्की चोट आई है और इस घटना के तुरंत बाद वह हेलीकॉप्टर में बैठकर सभा स्थल के लिए गईं और जनसभा को संबोधित भी किया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को चुनाव प्रचार के लिए दुगार्पुर पहुंची थीं, जहां हेलिकॉप्टर पर चढ़ते समय उनके साथ ये हादसा हुआ।



तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ममता हेलिकॉप्टर के अंदर ही फिसलकर गिर गईं। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है।

दुगार्पुर से आसनसोल जाने के लिए हेलिकॉप्टर ममता का इंतजार कर रहा था। चढ़ने के लिए सीढ़ियां लगाई गई थीं, जिन पर चढ़ते हुए हेलिकॉप्टर के भीतर बैठना था।

ममता इस सीढ़ी पर चढ़कर सवार होने जा रही थीं, लेकिन तभी हेलिकॉप्टर के गेट पर उनका पैर फिसल गया और वह उसके भीतर गिर गईं। सीएम के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें तुरंत उठाया। इस दुर्घटना में ममता बनर्जी को मामूली चोटें आई हैं। खबर है कि सीएम कोलकाता लौट सकती हैं जहां उनकी जांच होगी।

**पिछले पांच सालों में पब्लिश्ड गूगल विज्ञापन में भाजपा का हिस्सा करीब 26% है, इस दौरान कुल 390 करोड़ रुपए के पॉलिटिकल विज्ञापन पब्लिश हुए हैं**

## भाजपा ने गूगल-यूट्यूब को दिए 102 करोड़ के विज्ञापन

### 6 साल में पब्लिश पॉलिटिकल एडवरटाइजमेंट में बीजेपी के 73%, सबसे ज्यादा 10.8 करोड़ कर्नाटक पर खर्च

**नई दिल्ली**

**भाजपा गूगल** और यूट्यूब पर विज्ञापन के लिए 100 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करने वाली पहली भारतीय पॉलिटिकल पार्टी बन गई है। गूगल की विज्ञापन ट्रांसपेरैंसी



रिपोर्ट के मुताबिक, 31 मई 2018 से 25 अप्रैल 2024 तक भाजपा ने 102 करोड़ रुपए विज्ञापन के लिए खर्च किए हैं। पिछले पांच सालों में पब्लिश्ड गूगल विज्ञापन में भाजपा का हिस्सा करीब 26% है। इस दौरान कुल 390 करोड़ रुपए के पॉलिटिकल विज्ञापन पब्लिश हुए हैं। इस दौरान कुल 2.17 लाख ऑनलाइन ऐड दिए गए हैं। इनमें से कुल 1.61 लाख ऐड (73%) राजनीतिक विज्ञापन कैटेगरी के तहत भाजपा के थे। भाजपा ने कर्नाटक में सबसे ज्यादा 10.8 करोड़ रुपए के ऐड दिए हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश के लिए पार्टी ने 10.3 करोड़, राजस्थान के लिए 8.5 करोड़ और दिल्ली के लिए 7.6 करोड़ रुपए के विज्ञापन दिए हैं। वहीं, लोकसभा चुनाव 2024 के पहले और दूसरे फेज के दौरान (19 से 25 अप्रैल तक) भाजपा से ज्यादा खर्च कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस ने 5.7 करोड़ रुपए, जबकि भाजपा ने 5.3 करोड़ खर्च किए हैं।

**कांग्रेस ने सबसे ज्यादा विज्ञापन साउथ के राज्यों में दिए**

रिपोर्ट में कहा गया है कि 5992 ऑनलाइन ऐड के साथ कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही। पार्टी ने इन विज्ञापनों पर 45 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

जो भाजपा के ऐड का सिर्फ 3.7% है। इसके विज्ञापन अभियान मुख्य रूप से कर्नाटक और तेलंगाना (प्रत्येक पर 9.6 करोड़ रुपए से अधिक खर्च) और मध्य प्रदेश (6.3 करोड़ रुपए) पर केंद्रित थे।

## इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में पुरा छात्र सम्मेलन : कुमार विश्वास, तिग्मांशु धूलिया जैसे दिग्गज बढ़ाएंगे शोभा, सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के जज लेंगे हिस्सा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पूरब का आक्सफोर्ड कहा जाने वाले इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में पहली बार पुरा छात्र सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। 27 और 28 अप्रैल को होने वाले इस आयोजन को देखते हुए कैंपस को रंग बिरंगे झालरों से सजाया गया है। इसमें सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के कई जज, एक्टर, नेता व दूसरे देशों में रहने वाले पुरा छात्र भी आ रहे हैं। विश्व विख्यात कवि कुमार विश्वास, एक्टर तिग्मांशु धूलिया जैसे दिग्गज इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। पुरा छात्र संगम की सैर करने के साथ साथ लोकनाथ चौराहे की सैर भी कर सकेंगे। इसके लिए बस की व्यवस्था की गई है।इस संबंध में



शुक्रवार को इलाहाबाद यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव ने नार्थ हॉल में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी।

28 अप्रैल की शाम कुमार विश्वास के नाम : कुलपति ने बताया कि 28 अप्रैल की शाम को कुमार विश्वास की प्रस्तुति होगी। यह आयोजन विश्वविद्यालय के बरगद लॉन में होगा। कुमार विश्वास के साथ-साथ अन्य कवि संदीप भोला, कविता तिवारी, राजीव राज व प्रियांशु गजेंद्र भी अपनी कविताओं का पाठक करेंगे। इसमें अभी तक करीब 1300 पुरा छात्रों ने पंजीकरण कर लिया है।इस दो दिवसीय समारोह के दौरान विश्वविद्यालय के एल्युमिनाई एसोसिएशन का का मोबाइल एप वडअअअ लांच किया जाएगा। साथ ही विश्वविद्यालय पर आधारित फिल्म ह्रद बनियान ट्रीह्व भी रिलीज की जाएगी।विश्वविद्यालय की पीआरओ डॉ. जया कपूर ने बताया कि विश्वविद्यालय में होने वाले इस आयोजन का लाइव प्रसारण विश्वविद्यालय के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा, जिसका लिंक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है।

### दक्षिणांचल का संपूर्ण विकास मेरा संकल्प : नीरज त्रिपाठी

**कोरांव।** भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने शनिवार को कोरांव के पथरताल स्थित हनुमान मंदिर में आशीर्वाद लेकर बड़ोखर मंडल के विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क कर पार्टी कार्यकर्ताओं व जनता से अपने लिए समर्थन मांगा। इस दौरान खजुरी, महुली, वंशीपुर, हनुमान गंज, गाढ़ा, बड़ोखर, भगेसर में जनसभा को संबोधित करते हुए नीरज त्रिपाठी ने कहा की मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए केंद्र में तीसरी बार भाजपा सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा की मेरे पिताजी स्वर्गीय केशरी नाथ त्रिपाठी ने हमेशा सिद्धांतो की राजनीति की उन्होंने राजनीति का व्यापारीकरण नही किया उनके पदचिह्नों पर चलकर आम जनता की सेवा करना ही मेरा उद्देश्य है प्रयागराज के दक्षिणांचल पाल क्षेत्र सर्वांगीण विकास और भाजपा कार्यकर्ताओं के मान सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा। इस दौरान उनके साथ विधायक कोरांव राजमणि कोल, नगर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी, ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुधाकर पांडेय, वरिष्ठ भाजपा नेता रामेश्वर द्विवेदी, गंगा मिश्रा ब्लॉक प्रमुख मेजा ने उपस्थित जनसमूह व कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनका उत्साह वर्धन किया। इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत सदस्य पिंटू चौबे, सुमित पांडेय,पवन मिश्र, लवकुश कुमार, प्रभाकर वर्मा, राजेश कुमार तिवारी,घनश्याम स्वर्णकार, पुष्पा श्रीवास्तव सहित पार्टी के सभी मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राजकीय पशु चिकित्सालय आयोजित की गई गोष्टी, दर्जनों पशुपालकों को निःशुल्क वितरण हुआ मिनरल मिक्सर

**अखंड भारत संदेश**



**सोरांव।** राजकीय पशु चिकित्सालय सोरांव में शनिवार को विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर एक संगोष्ठी की गई। जिसमें क्षेत्र के दर्जनों पशुपालक मौजूद रहे। इसकी अध्यक्षता डॉक्टर रेवती प्रसाद चिकित्सा उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सोरांव ने किया। डॉक्टर रेवती प्रसाद ने मौजूद सभी पशुपालकों को कृमि नाशक एवं मिनरल मिक्सर आदि दवाओं का निःशुल्क वितरण कराया। तथा पशुपालक विचार गोष्ठी में पशुपालकों को विभाग की विभिन्न प्रकार की जानकारी एवं लाभ के फायदे भी बताए। वही डॉक्टर रेवती प्रसाद कहा कि पशुपालकों को पशु संबंधी यदि किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो राजकीय पशु चिकित्सालय में आकर प्रशिक्षित डॉक्टर से सरकारी व सस्ते दाम पर इलाज करा सकते हैं। झोलाछाप डॉक्टरों से दूर रहने की नसीहत भी दिए। शिविर में पशु चिकित्सा अधिकारी होलागढ़ डॉक्टर पलक त्रिपाठी, पशु चिकित्सा अधिकारी लाल गोपालगंज डॉक्टर अरुण कुमार सिंह,पशु चिकित्सा अधिकारी नानन साई डॉक्टर सुनील कुमार सिंह,पशुधन प्रसार अधिकारी सुभाष चंद्र, सदाकांत सहायक राजकीय पशु चिकित्सालय सोरांव संग क्षेत्र के पशुपालक राम आश्रय पटेल, धर्मेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार साहब सिंह, राम मिलन मौर्य रेशमी सरोज, देवशरण रजवंती देवी आदि दर्जनों पशुपालक मौजूद रहे।

### प्रयागराज में छाया बंदरों का ऐसा खौफ, लोग घरों में हो गए हैं कैद

**इन्हें पकड़ने के लिए पांच लाख रुपये का पास है बजट लेकिन...**

**प्रयागराज।** सलोरी अमिताभ बच्चन की पुलिया के पास के रहने वाले शिवम मिश्र अपने छत पर चार दिन पहले टहल रहे थे। बंदरों का झूंड इनपर टूट पड़ा जब तक यह कुछ समझ पाते इनके एक बंदर झपट्टा मारकर इनके दाहिने हाथ में काट लिया।दारागंज के हर्ष द्विवेदी और कच्ची सड़क दारागंज के पिकू अपने बालकनी में शनिवार को टहल रहे थे। इनको भी बंदरों ने हाथ और पैर में काट लिया है। अलोपीबाग के नैतिक पांडेय सुबह टहलने के लिए निकले थे तभी एक बंदर ने काट लिया। यह चार नाम तो बंदरों का आतंक किस तरह शहर में फैल रहा है यह बानगी भर है।10 से 15 लोगों को अलग-अलग मुहल्ले में प्रतिदिन बंदर अपना शिकार बना रहे हैं। नगर निगम और वन विभाग के अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। जब कि मूल बजट में बंदरों को पकड़ने के लिए चालू वित्तीय वर्ष में पांच लाख के बजट का प्राविधान किया गया है।शहर में बंदरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दर्जनभर से अधिक मुहल्लों में बंदरों का आतंक काफी दिनों से बना है। सुबह और शाम बंदर छत,सीढ़ी और बालकनी में डेरा जमा लेते हैं जिससे लोग सुबह और शाम अपने घरों में कैद रहते हैं। बंदरों के दहशत से कई बच्चे स्कूल जाने से भी कतराने लगे हैं।सुबह लोगों के टहने का समय हो, बच्चों के स्कूल जाने आने का समय हो जब देखो बंदर सड़क चौराहों पर नजर आते हैं। छतों और बालकनी में रखे गमलों को तोड़ देते हैं। धूम में सूखने के लिए डाले गए कपड़े भी फाड़ दे रहे हैं। डांटने पर बंदर खूंखार होकर हमला कर देते हैं।शहर में प्रतिदिन आठ से 10 लोगों को बंदर अपना शिकार बना रहे हैं। बंदरों के बढ़ते आतंक से आम नागरिकों को आर्थिक और मानसिक परेशानी से जूझना पड़ रहा है। सरकारों द्वारा बंदरों की समस्या से संबंधित कई प्रकार को योजनाएं तो बनाई गई लेकिन योजनाएं फाइलों में ही दफन हो गई। धरातल पर कुछ भी नजर नहीं आ रहा।दारागंज,कीडगंज, चौक,शिवकुटी, सलोरी, अलोपीबाग, तेलियगंज,जीरो रोड,सिविल लाइंस आदि क्षेत्रों में बंदरों के काटने से कई लोग घायल हो गए हैं। नगर निगम मुख्यालय परिसर में दर्जनों बंदर अक्सर डेरा जमाए रहते हैं। कार्यालय आने वाले फरियादी बंदरों के कारण दहशत में रहते हैं।बंदरों को पकड़ने के लिए नगर निगम की ओर से चालू वित्तीय वर्ष में पांच लाख रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। लेकिन बंदरों को पकड़ना तो दूर भगाने के लिए भी कोई नहीं आता। नगर निगम के अधिकारी कहते हैं वन विभाग वाले पकड़ेंगे, वन विभाग वाले कहते हैं नगर निगम की टीम पकड़ेगी। ऐसे में आम नागरिकों को इस समस्या से छुटकारा कौन दिलाएगा यह समझ से परे हो गया है।

## अज्ञात कारणों से लगी आग पांच बोरी गेहूं सहित घर के सामने रखा पुवाल जलकर हुआ राख



**करछना।** घटना करछना के भडेव्रा बाजार की है जहां शनिवार को दोपहर लगभग बारह बजे अचानक किसान उमाशंकर पांडे के घर के सामने रख पुलाव जहां किसान ने गेहूं कटवाने के बाद पांच बोरी गेहूं भी वहां अपना रखा था अचानक आग लगने के कारण गेहूं समेत पुलाव जलकर राख हो गया आग लगने के बाद अचानक जब शोर हुई तो किसान घर से बाहर निकाला तो उसने देखा कि उसके घर के सामने रखे पुलाव में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया है जिसे देख उसने वहां पर रखे गेहूं को बचाने का प्रयास किया लेकिन बचा नहीं पाया उसने तत्काल फायर वीडियो को सूचना दी और करछना थाने में मौजूद फायर ब्रिगेड की एक टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया लेकिन जब तक आग बुझ पाती तब तक किसान का पुलाव और गेहूं जलकर राख हो गया था आग किस कारण से लगी अभी इसकी जानकारी नहीं हो पाई है लेकिन परिजनों की माने तो उनका कहना था कि उनके पड़ोस में ही दो से तीन शराब की दुकानें हैं जहां आए दिन नशेड़ी आ कर शराब पीते हैं और नशा के तौर पर गांजा और सिगरेट पीते हैं शायद उन्होंने ही इस घटना को अज्जाम दिया होगा।

### हत्या के दो और दुराचार की घटना का एक अभियुक्त गिरफ्तार

**कोरांव।** थाना प्रभारी कोरांव राकेश कुमार भारती ने पुलिस अधिकारियों के द्वारा चलाए जा रहे अपराध पर लगाम लगाने के निर्देश पर सक्रियता दिखाते हुए हत्या कांड के दो मुलजिम और एक मुलजिम बलातकारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बता दें कि ग्राम भगतपुर खिबली में गत दिवस हुई एक व्यक्ति की हत्या में कोरांव थाने में दर्ज मुकद्दमा अपराध संख्या 91/2024 धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506, 308/ 302 /34 आईपीसी के वांछित अभियुक्त दिनकर दुबे पुत्र अनुसुइया प्रसाद दुबे,और विमल कुमार दुबे पुत्र अनुसुइया दुबे ग्राम निवासी खिवली कला कोरांव को 26 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया है। ईसी तरह ग्राम बड़ौखरा में हुए दुष्कर्म की घटना में दर्ज मुकद्दमा अपराध संख्या 88/2024 धारा 376/ 504,506, एवं पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त संतोष कुमार पुत्र किन्ना लाल ग्राम निवासी बड़ोखरा थाना कोरांव प्रयागराज को एस आई अश्वनी कुमार, सिपाही अरुण कुमार,महिला सिपाही विधू सिंह के जरिए गिरफ्तार किया गया। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

## एटीएम से पैसा निकालने आए युवक से उचक्कों ने छीना एटीएम से उड़ाए 45 हजार



**मेजा।** तहसील क्षेत्र के ऊंचडीह बाजार में लगे एटीएम से पैसा निकालने आये युवक से उचक्कों ने एटीएम कार्ड छीनकर भागने तथा कहीं दूसरे एटीएम मशीन से 45000 रुपया निकाल लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के ऊंचडीह बाजार में लगे एटीएम मशीन से करछना के बस्तर गांव निवासी सौरभ पुत्र शैलेश पैसा निकालने आया था तभी वहां पूर्व से घात लगायें उचक्कों ने उसका एटीएम कार्ड छीन कर भाग निकले। बता दें कि कुछ देर बाद युवक के मोबाइल पर 45000 रुपया निकल जाने का मैसेज आया तो युवक हक्का-बक्का रह गया और आनन फानन में अपने परिजनों को फोन कर मौके पर बुलाया और उनके साथ उचक्कों की काफी खोज बीन किया लेकिन उचक्के फरार हो चुके थे। खबर लिखे जाने तक युवक द्वारा पुलिस में कोई तहरीर नहीं दी गई थी।





## आपके परिवार का सदस्य हूं आशीर्वाद लेने आया हूं

**हनुमानगंज।** फूलपुर से भाजपा प्रत्याशी विधायक प्रवीण पटेल ने शनिवार को कछारी क्षेत्र में कई जनसभाओं को संबोधित किया। कोटवा में ग्राम प्रधान जयराम सिंह के नेतृत्व में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रवीण पटेल ने कहा कि मैं आपके परिवार का एक सदस्य हूं और आप सभी से आशीर्वाद लेने आया हूं। प्रवीण पटेल ने कहा कि तीसरी बार फूलपुर से विधायक रहते मैं आप लोगों के बीच ही रहा हूं आप लोगो से हमारे बाबा व पिता के जमाने से रिश्ता चला आ रहा है। उन्होंने कहा कि आप सब लोग प्रवीण पटेल बनकर क्षेत्र में प्रचार प्रसार में लग कर अपना आशीर्वाद दें। इस दौरान सभा में उपस्थित पूर्व विधायक हंडिया प्रशांत सिंह ने भी उपस्थित सर्व समाज से प्रवीण पटेल को भारी मतों से विजई बनाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जितेंद्र प्रताप सिंह ने प्रवीण पटेल को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की जनता का पूरा सहयोग आप के साथ है। संचालन पूर्व प्रधान नागेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान प्रमुख बहादुरपुर डब्बू यादव, फूलचंद्र बाजपेई, त्रिभुवन सिंह, मनु प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान राजेश सिंह, श्याम प्रताप सिंह, हिन्दराज सिंह, बनाफर यादव, बिक्कू दुबे, राजू तिवारी, डब्बू दुबे, अमित सिंह, चंदन सिंह, मंजू देवी, पार्षद शिवनारायण यादव, सियाराम मौर्य आदि मौजूद रहे।

### भक्ति श्रद्धा एवं संस्कार सिखाती है भगवत कथा : प्रभाकराचार्य जी महाराज



**सहसों।** देव प्लाई हाउस सहसों बाईपास के प्रांगण में आयोजक अशोक कुमार केसरवानी के संयोजन में संगीतमय चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथ ज्ञान यज्ञ के विश्राम दिवस पर कथा व्यास प्रभाकराचार्य जी महाराज ने कथा प्रसंग में सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष, पौण्ड्रथ वध, सुदीक्षण व कृतिका का उद्धार जैसे सुंदर प्रसंग का सजीव वर्णन करते श्रद्धालु भक्त श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कथा व्यास ने बताया कि भगवान की कृपा उनकी भक्ति संतो के साथ सत्संग, प्रेम और अनुराग से ही प्राप्त होती है। उन्होंने कहा भगवत कथा हमें जीवन की मुक्ति के लिए भक्ति, प्रेम, श्रद्धा एवं संस्कार सिखाती है। भगवान नारायण तो केवल प्रेम के भूंखे हैं प्रभु के प्रति सच्ची भक्ति, मित्रता एवं प्रेम करना है तो भक्त सुदामा जैसा भक्त बनना पड़ेगा। इस सांसारिक मोह माया का परित्याग कर लगन और श्रद्धा के साथ प्रभु स्मरण से ही मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। कथा प्रसंग के दौरान " कोई घनश्याम से कह दो तुम्हारा यार आया है " सुंदर भजन सुनकर पंडाल में उपस्थित समस्त श्रोता नर नारी आनंदित हो उठे। कथा के उपरांत मुख्य यजमान अशोक कुमार केसरवानी व श्रीमती सरोज देवी एवं अन्य श्रोताओं ने व्यास पीठ, भागवत भगवान एवं आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी। तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण हुआ। कथा पंडाल में प्रमुख रूप से अनूप केशरवानी, अजय कुमार केसरवानी, अंकित कुमार केसरवानी, चन्द्रधर द्विवेदी, विजय कुमार तिवारी, उमेश केसरवानी, राम प्रसाद केसरवानी, राजकुमार सिंह, राकेश केसरवानी, जय प्रकाश शुक्ल, शिव बाबू केसरवानी एवं दिलीप कुमार केसरवानी सहित भारी संख्या में श्रोता नर नारी कथा श्रवण करते उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित



**मऊआइमा।** मऊआइमा के उमरिया सारी गांव स्थित यस यस टी बालिका इण्टर कालेज में प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा बारह तक के बच्चों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रबंधक विजय शंकर त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों का मनोबल बढ़ाने से उनकी पढ़ने, समझने का सुझाव बढ़ जाता है। विद्यालय में इण्टर के फाईनल कक्षा में मधु त्रिपाठी 89 %,निहालिका पाण्डेय को 88.28%तथाअपूर्णा मिश्रा को 88%0 प्राप्त हुआ,कक्षा दस में संचिता 95%यादव अमन पटेल 94.89%,काजल यादव 94.6% प्रतिशत अंक प्राप्त किया इसी तरह कक्षा नौ में कशिश, प्रथम, काजल पटेल, दूसरे तथा महक मौर्या विद्यालय में तीसरे स्थान पर रही।कक्षा ग्यारह में अनुष्का यादव,प्रथम साक्षी मिश्रा दूसरे,और शुभी मिश्रा, तीसरे स्थान पर विद्यालय में रही जिन्हें प्रबंधक विजय शंकर त्रिपाठी, प्रधानाचार्य जमुना प्रसाद पाण्डेय, अध्यापिका पूनम शुक्ला, पूर्णिमा त्रिपाठी, अध्यापक सूर्य प्रताप सिंह राठौर, कृष्णा नंद मिश्रा ने अभिभावकों के साथ मेधावियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर प्रोत्साहित किया।जिस पर उपस्थिति बच्चे, अभिभावक बहुत ही प्रसन्न दिखे।

### एक वारंटी गिरफ्तार, भेजा न्यायालय



**मांडा।** मांडा थाना क्षेत्र अंतर्गत विगत दिनों में गैर इरादतन हत्या का पंजीकृत मुकदमा में न्यायालय के एनबीडब्लू की कार्यवाही पर नोटिस जारी होने पर मांडा पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया है। शनिवार को मांडा थाना इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह के निदेर्शानुसार उप निरीक्षक सन्नेश बाबू गौतम ने गैर इरादतन हत्या का वारंटी अभियुक्त कृष्णदेव तिवारी पुत्र राम बहोर तिवारी निवासी दिघिया को घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

### नाबालिग किशोरी नगदी और जेवरात लेकर अपने प्रेमी संघ फरार

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक घर की नाबालिग लड़की अज्ञात प्रेमी से प्यार करती रही। परिजनों को तनिक भी भनक नहीं लगा।घर का जेवर नगदी लेकर फरार हो गई। पिता ने थाने में तहरीर दे कर अज्ञात में मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति की नाबालिग लड़की का किसी लडके से प्रेम प्रसंग चल रहा था।इसकी भनक तनिक भी परिजनों को नहीं लगी। बताया गया है कि बीती रात किशोरी घर में रखा दस हजार रुपया,सोने का एक तोले का झुमकी ढाई सौ ग्राम चांदी का लच्छा पांच सौ ग्राम का करधन लेकर फरार हो गई। किशोरी के पिता ने थाने में तहरीर दे कर अज्ञात में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र ने प्रतापपुर में चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन



**प्रतापपुर।** प्रभारी मंत्री भदोही लोकसभा चुनाव क्षेत्र दयाशंकर मिश्र दयालु द्वारा भदोही लोकसभा क्षेत्र के प्रतापपुर विधानसभा में प्रतापपुर मुख्यालय के समीप भदोही लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ विनोद बिंद का कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री दयालु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी तथा केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं के चलते केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनना निश्चित है, भदोही लोकसभा चुनाव में कुछ ही दिन शेष है तथा भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। हम सभी कार्यकताओं को भाजपा की जीत के लिए कार्य करना है। भाजपा व्यक्ति से बड़ा दल और दल से बड़ा देश इस मंत्र पर चलती हैं कार्यकर्ता खुद को प्रत्याशी समझ कर चुनाव लड़ें। उन?होंने कहा कि भाजपा में प्रत्याशी नहीं, पार्टी चुनाव लड़ती है व्यक्ति विशेष नहीं कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है कार्यकताओं के बलबूते पर ही चुनाव लड़े जाते हैं। प्रत्याशी डॉ विनोद बिंद ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष अपनी पहचान तथा विश्वसनीयता खो चुका है, विपक्ष कहीं नजर नहीं आ रहा इस बार फिर से कमल खिलेगा ऐसा उन्हें विश्वास है। भदोही लोकसभा क्षेत्र हेतु मुझे मतदान करें और तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनायें। इस अवसर पर भाजपा गंगापार जिलाध्यक्ष कविता पटेल, जिलाध्यक्ष अपना दल एस भानु पटेल, निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष अमर सिंह, लोक सभा संयोजक श्याम बिहारी पांडेय, जिला महामंत्री मनोज निषाद सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आरडी मेमोरियल इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं का परिणाम अव्वल

**जंघई।** आरडी मेमोरियल इंटर कॉलेज जंघई के छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत एवं अव्वल रहा। छात्र छात्राओं द्वारा यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। जिसमें इंटर परीक्षा में हिमेश यादव 93.8%, अभिषेक सरोज 90.8 %, अभिषेक शर्मा 82.6 % गणेश तिवारी 89.8 %, गनेश यादव 87.6 %, अंकित प्रजापति 87.8, गौरव यादव 87.02 %, दीक्षा मिश्रा 86.0 %, पीयूष पाठक 83.4 %, आर्यन यादव 82.4% अमन शर्मा 82.02 % अर्पित सिंह 81.4% प्रज्वल त्रिपाठी 81.4%, अदिति मिश्रा 81.5% तथा हाई स्कूल में रामकृष्ण मिश्रा 95.33%, मोहम्मद आसिफ 94.33% मोहित प्रजापति 92.33%, कशिश जायसवाल 89.83%, श्रेया मिश्रा 89.6% रिया यादव 89.02%, शिवम दुबे 89.33%, इरम फातिमा 88.33%, श्वेता बिंद 88.33%, रामेश्वर अनिल दुबे 87.33%, प्रांजल विश्वकर्मा 87.66 %, गरिमा सिंह 86.5% श्रेया गौतम 85.6% प्रिया गुप्ता 85.5 % इसके अतिरिक्त इंटर में 20 से ज्यादा वह हाई स्कूल में 40 से ज्यादा बच्चों ने 80% से अधिक अंक अर्जित कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य राकेश दुबे एवं अध्यापकों में मनोज दुबे, रविंद्र तिवारी, संतोष तिवारी, संतोष मिश्रा, मनीष मिश्रा, सुरेंद्र शर्मा, दिलीप प्रजापति, उमेश चंद दुबे, प्रदीप जायसवाल एवं अन्य अध्यापकों ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## क्षेत्रवासी कानून और शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग प्रदान करें : राकेश कुमार भारती



**थाना प्रभारी कोरांव ने ग्राम प्रधानों, आम जनों, व्यापारियों, ग्रामीण और नगर वासियों सामाजिक कार्य कताओं पत्रकारों से मांगा सहयोग**

**कोरांव।** आए दिन मार्ग दुर्घटनाएं,छोटी छोटी बातों पर बड़ी घटनाएं करना,शादी ब्याह में खुशी हंसी में आयोजित विभिन्न तरह के आयोजनों में नशे की हालत में अप्रिय घटनाएं कारित करना, चुनावी समय में शांति तथा कानून व्यवस्था का उल्लंघन करना,कानून अपने हाथ में ले लेना शोभनीय क्षेत्र वासियों के लिए नहीं है। उक्त आह्वान कुछ पत्रकारों के थाना पर समाचार कवरेज के लिए गए जानकारी के दौरान राकेश कुमार भारती ने किया। उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य है कि सभी की समस्याएं सुनना त्वरित निदान कराना और अपराधियों को दंडित कराना। उन्होंने कहा कि यदि सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि अपने अपने गांवों इलाकों में शांति व्यवस्था सुनिश्चित रखने हेतु पुलिस और अधिकारियों एवं सरकार साशन प्रशासन का सहयोग करें तो निश्चय ही समस्याएं कम हो जाएंगी। । श्री भारती ने बताया कि इस समय लोक सभा चुनाव सर पर है ऐसे में बहुत ढेर सारी जिम्मेदारियां पुलिस पर हैं और कर्मियों की संख्या भी कम हो गई हैं। फिर भी जिस इलाके की समस्याएं होती है उस क्षेत्र के पुलिस दरोगा और सिपाहीयों को त्वरित कार्यवाही के लिए निर्देशित करता हूं। थाना कोरांव प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि नशे में चूर होकर बिना कागजात दुरुस्त ओर बिना इंशोरेंस, डीएल, के तेज रफ्तार से वाहन चला कर मार्ग दुर्घटनाओं में अपनी जाने लोग गंवा रहे साथ ही पूरे परिवार को मुसीबत में डाल रहे हैं। लोग तनिक से क्रोध में बड़ी बड़ी घटना कर दे रहे हैं जिससे वे तो प्राण से जा ही रहे साथ में जेलों में सड़ाने के लिए पूरे घर के लोगों को भी बर्बाद कर रहे। उन्होंने कुछ इलाके की एक घटना में मारपीट में हुए घायल पक्ष और विपक्ष के मध्य आपसी सुलह समझौते किए जाने की सराहना मद्यस्तता करने वालों की किया। उन्होंने सभी कस्बा बाजार के व्यापारियों से भी आह्वान किया कि सड़क की बनी आवागमन सुलभ के लिए सड़क की पटरियां खाली रखें जिससे आवागमन बाधित न हों। उन्होंने बताया कि दिन दिन भर कई बार लगने वाले सड़क जाम को सुलभ बनाने हेतु मेरे महिला,पुरुष पुलिस कर्मी, दरोगा, जिला अपराध निरोधक समिति आदि स्वयं सेवी संस्थाएं रात दिन सहयोग कर रहे हैं। लोगों को चाहिए कि सड़कें जाम न रखने दें जिससे किसी को कोई कार्यवाही का खामियाजा न भुगतना पड़े। कानून को हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। लोग क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखें,चुनाव आचार संहिता का पालन करें। लोग अफवाहें न फैलाएं,फर्जी वाद विवाद बना कर और नफरत की भावना से ग्राषित हो कर कोई ऐसा कदम न उठाए जिससे उन्हें गंभीर कानूनी कार्यवाही का सामना करना पड़े। अपराधी सुधर जाएं। क्योंकि कानून के बड़े लंबे हाथ होते हैं। पुलिस, प्रशासन, और अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों,शरीफ लोगों को आम जन मांनस को आघात न पहुंचायें। उन्होंने कहा कि किसी के साथ ना इंसाफी नहीं होने पाएगी। पूरा प्रयास प्रतिदिन करता हूं,और अधिनस्थों के कार्य प्रणाली कृत्य का अनुश्रवण भी करता रहता हूं।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने बनाये गये नामांकन कक्षों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन कक्षों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी श्री नवनीत सिंह चहल, मुख्य विकास अधिकारी श्री गौरव कुमार के साथ शनिवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में नामांकन हेतु बनाये गये नामांकन कक्षों का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी कोर्ट कक्ष एवं मुख्य राजस्व अधिकारी कक्ष में बनाये गये नामांकन कक्ष की साफ-सफाई, प्रकाश, सीसीटीवी कैमरा, कम्प्यूटर सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने नामांकन कक्ष में आने-जाने वाले रास्ते व सुरक्षा के दृष्टिगत करायी जा रही बैरिकेटिंग को देखते हुए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कलेक्टेªट परिसर व परिसर के बाहर कचहरी रोड़, लक्ष्मी चौराहा, कचहरी चौराहा सहित अन्य क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, लगायी गयी बैरिकेटिंग व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराये जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, मुख्य राजस्व अधिकारी श्री कुंवर पंकज, उपजिलाधिकारी सदर श्री अभिषेक सिंह, उपजिलाधिकारी करछना जागृति अवस्थी सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 25 साल पहले मृत व्यक्ति की जगह दूसरे को खड़ा कर कराया फर्जी बैनामा

**झूंसी।** स्थानी थाना क्षेत्र में एक मृत व्यक्ति की जगह दूसरे को खड़ा कर फर्जी बैनामा कराने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने अधिवक्ता सहित सात लोगो के खिलाफ धोखाधड़ी सहित कई अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। झूंसी के नैका निवासिनी सन्ध्या चंद्रा पत्नी कमलेश चंद्रा ने बताया कि गांव के सीताराम से उसने एक जमीन लिया था। जिसकी रजिस्ट्री नही कराई थी पर 40 सालों से उसपर मकान बना कर रहती हूं। भू स्वामी सीताराम की 1997 में मौत हो गई। सीता राम की मौत के बाद कुछ लोगो ने 27 दिसम्बर 22 में सीता राम के स्थान पर दूसरे को खड़ा कर जमीन का फर्जी बैनामा करा लिया। महीने भर पहले कुछ लोग जमीन खाली कराने पहुचे तब फर्जी बैनामे की जानकारी हुई। जमीन खाली न करने पर आरोपी लगातार धमकी दे रहे है। पीड़ित की शिकायत पर जांच के पुलिस ने मामले में उस्तापुर महमूदाबाद निवासी कुलदीप भारतीया, शुभम उर्फ टीटू, प्रशांत कुमार भारतीया, थरवई बड़नपुर इस्माईलगंज निवासी अजय कुमार, सराय ममरेज बीबीपुर निवासी सीताराम, बहरिया धनपालपुर निवासी शिव कुमार, अधिवक्ता अजय कुमार सहित अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# डीएसए ग्राउंड, प्रयागराज में पहली बार दूधिया रोशनी में खेला गया फुटबॉल मैच



**प्रयागराज।** शुक्रवार को डीएसए ग्राउंड, प्रयागराज में उत्तर मध्य रेलवे के मुख्यालय और प्रयागराज मंडल के मध्य फाइनल फुटबॉल मैच खेला गया। उत्तर मध्य रेलवे की अंतर मंडलीय फुटबाल प्रतियोगिता में प्रयागराज मण्डल ने एनसीआर मुख्यालय को 6-1 से हराकर प्रतियोगिता जीत ली। यह मैच फ्लड लाइटों की दूधिया रोशनी में खेला गया। डीएसए ग्राउंड/प्रयागराज, डे नाइट मैच की सुविधा वाला प्रयागराज का पहला ग्राउंड है एवं पहला डे नाइट फुटबॉल मैच उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय और प्रयागराज मंडल के मध्य खेला गया। इस मैच की शुरुआत प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता एवं उत्तर मध्य रेलवे खेलकूद संघ के अध्यक्ष श्री अनूप अग्रवाल ने फुटबॉल को किक मारकर की। खिताबी मुकाबले में प्रयागराज मण्डल की विजेता टीम के मनीष और शेरान अयूबी ने दो-दो तथा जेपी यादव और शाह आलम ने एक-एक गोल मारा। उपविजेता टीम मुख्यालय के लिए एकमात्र गोल पुष्कर वर्मा ने किया। खेल के उपरांत मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता एवं उत्तर मध्य रेलवे खेलकूद संघ के अध्यक्ष श्री अनूप अग्रवाल ने पुरस्कार वितरित किये। मनीष को मैन ऑफ द मैच, शेरान अयूबी को बेस्ट स्कोरर और राकेश वर्मा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। मंडल रेल प्रबंधक/प्रयागराज, श्री हिमांशु बडोनी ने विजेता टीम को बधाई दी और सभी खिलाडियों को आने वाले समय में और अच्छा प्रदर्शन करने को कहा। मंडल खेल सचिव, धर्मेंद्र निषाद; सह सचिव राकेश मिश्र ने अतिथियों का स्वागत एवं जावेद अहमद ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मैच में अताउल्ला खान ने रेफरी, कबीर खान व जितेंद्र ने लाइंसमैन एवं संजीव सिंह ने टेबल रेफरी की जिम्मेदारी निभाई। इस मैच में वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक श्री आशुतोष शर्मा और वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय अन्य वरिष्ठ अधिकारीयों और कर्मचारी उपस्थित थे।

# क्रियायोग ध्यान से अन्तःकरण में पँचकोषों की अनुभूति ही पंचकोषी परिक्रमा है : स्वामी श्री योगी सत्यम

**अखंड भारत संदेश**



**झूंसी।** क्रियायोग ध्यान में साधक अन्तःकरण में पंचकोषों की अनुभूति करता है। वह अनुभव कर लेता है कि उसका स्वरूप एक सूक्ष्म ब्रह्माण्ड है जिसमें दृश्य और अदृश्य जगत अलौकिक रूप में स्थित है। क्रियायोग के अभ्यास द्वारा साधक स्वरूप में आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी, वनस्पतियाँ, जीव-जन्तु, मानव, देवी-देवता आदि समस्त रचनाओं की अलौकिक उपस्थिति का अनुभव करता है। यही अपने अंदर पँचकोषों की अनुभूति है जिसे पँचकोषी परिक्रमा कहा गया है। पंचकोषी परिक्रमा का अभिप्राय है मनुष्य का अपने स्वरूप में स्थित पंचकोष (अत्रमय, प्राणमय, मनोमय, ज्ञानमय, आनन्दमय) में एकाग्र होकर दृश्य और अदृश्य जगत से एकता की अनुभूति कर लेना। क्रियायोग ध्यान में जब साधक अपने स्वरूप में स्थित अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, ज्ञानमय और आनन्दमय कोषों को जागृत कर लेता है तो वह वनस्पति जगत, जन्तु-जगत, मानव व देवी-देवताओं से पूरी तरह एकात्म हो जाता है और अन्ततः अपने और परब्रह्म के बीच दूरी की शून्यता का अनुभव कर लेता है। ब्रह्माण्ड की समस्त रचनाओं का लक्ष्य है स्वरूप ज्ञान प्राप्त करना अर्थात अपने सर्वव्यापी, अनन्त और परब्रह्ममय स्वरूप का साक्षात्कार करना । परमात्मा के सर्वव्यापी, सर्वज्ञ अस्तित्व के प्रकट होने के अलौकिक कर्म में हवा, पानी, पत्थर आदि का रूपान्तरण वनस्पतियों में, वनस्पतियों का रूपान्तरण जीव- जन्तुओं में, जीव-जन्तुओं का रूपान्तरण मानव में, मानव का रूपान्तरण देवी-देवताओं में और अन्ततः देवी देवताओं का रूपान्तरण परब्रह्म में होता है। यही अनेक से एक होने की अलौकिक स्थिति का प्रकट होना है।

# बिना जीओ वर्कऑर्डर जारी करने पर एक्सईएन निलंबित

**प्रयागराज।** महाकुम्भ के कार्यों में बिना शासनादेश और प्रशासनिक अनुमति के दो अरब रुपये के काम का कायार्देश जारी करने पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निलंबित कर दिया गया है। उन्हें अब प्रमुख अभियंता विकास लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में सम्बद्ध कर दिया गया है।महाकुम्भ 2025 के कार्यों के लिए सॉल स्लीपर के लिए शासन से लगभग दो अरब रुपये के बजट की मांग की गई थी। शासन की शीर्ष समिति ने इस पर सहमति दी थी, लेकिन इसका जीओ जारी नहीं हुआ था। इसके बाद भी लोक निर्माण विभाग सीडी-चार के अधिशासी अभियंता दिनेश कुमार सिंह ने दो अरब रुपये के सॉल स्लीपर का वर्कऑर्डर अरुणाचल प्रदेश वन निगम ईटानगर के प्रबंध निदेश के पक्ष में जारी कर दिया था। मामला गंभीर वित्तीय अनियमितता पायी गई थी। जिसकी शिकायत मेला प्राधिकरण में की गई थी। कुम्भ मेलाधिकार विजय किरन आनंद ने इस प्रकरण में शासन को कार्रवाई लिए लिखा था। जिसके बाद शासन ने इस पर कार्रवाई कर दी है। अधिशासी अभियंता को प्रथम दृष्टयः दोषी पाए जाने पर निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि में उन्हें प्रमुख सचिव विकास के लखनऊ कार्यालय सम्बद्ध कर दिया गया है। जांच अधिकारी मुख्य अभियंता भवन लोक निर्माण विभाग लखनऊ को बनाया गया है। उन्हें इस मामले में विस्तार से जांच करने के बाद अपनी रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए कहा गया है।

> वित्तीय अनियमितता के आरोप में एक्सईएन दिनेश कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया है। इस प्रकरण की आगे जांच के लिए शासन ने आदेश दिया है।
>
> **विजय कुमार कनौजिया, मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग**

# न्यूज झरोखा

## प्रयागराज का संपूर्ण विकास ही प्रमुख चुनावी मुद्दा, शेखू नवाब



**प्रयागराज।** अखिल भारतीय सोशलिस्ट पार्टी के प्रत्याशी शेखू नवाब ने कहा है कि वह प्रयागराज की गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाने, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। प्रयागराज का संपूर्ण विकास ही उनकी पार्टी का प्रमुख चुनावी मुद्दा है। प्रयागराज क्षेत्र से लोकसभा प्रत्याशी शेखू नवाब ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष उर्मिला शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि उन्हें प्रत्याशी बनाकर पार्टी ने जो सम्मान दिया है। उसकी वह हर कीमत पर रक्षा करेंगे और पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए जी जान से संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष उर्मिला शर्मा के नेतृत्व में संगठन बहुत मजबूत हो रहा है और इस बार के लोकसभा चुनाव में पार्टी एक नया इतिहास बनाएगी। पार्टी अध्यक्ष उर्मिला शर्मा जी के नेतृत्व में डॉ राम मनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण की विचारधारा को लेकर पार्टी चल रही है। इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र शंकरगढ़ में अखिल भारतीय सोशलिस्ट पार्टी के कार्यकताओं द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा कांग्रेस आदि सभी बड़े दलों ने प्रयागराज की अपेक्षा की है। जिसकी वजह से हमारा शहर विकास की दौड़ में पीछे हो गया है। सोशलिस्ट पार्टी के प्रत्याशी शेखू नवाब ने कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद नैनी में सैकड़ो कारखाने बंद पडे है। इन बंद कारखानो को फिर से खोले जाने के लिए सोशलिस्ट पार्टी के व्यापक अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा कि जमुनापार शंकरगढ़ और बारा क्षेत्र में पेयजल की बड़ी गंभीर समस्या है।

जल निगम के द्वारा गड्ढा खोद कर छोड़ देना से लोगों में आक्रोश

## गड्ढे में गिरने से एक व्यक्ति की मौत 15 दिनों से जल निगम के द्वारा गड्ढा खोदा गया है : संजय श्रीवास्तव



**नैनी।** नैनी अरैल देवरख रोड शिवनगर में 15 दिनों से ज्यादा 15 फीट का गड्ढा जल निगम के द्वारा खोदा गया है कल बीती रात इस गड्ढे में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है और आए दिन राहगीर गड्ढे में गिरकर घायल होते रहते हैं संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज सामाजिक कार्यकर्ता सुशील शुक्ला सामाजिक कार्यकर्ता मनोज साहू ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा यह जल निगम के अधिकारियों की लापरवाही के कारण ऐसी घटनाएं घट रही इसकी जिम्मेदारी जल निगम के अधिकारियों की होगी यह गड्ढा 15 दिन से खुद गया है 15 फीट का गड्ढा है कर्मचारी खोदकर चले गए पाइप लीकेज अभी तक नहीं बन सका तत्काल लीकेज पाइप बनवाकर गड्ढा को पटा जाए यह जिम्मेदारी जल निगम की है बीती रात एक व्यक्ति देवराख में शादी समारोह से वापस आ रहा था गड्ढे में गिरा फिर बाहर निकल गया लोगों के अनुसार पीछे से अपए आई कुचलते हुए निकल गई युवक की मौत हो गई। यह भाजपा सरकार को बदनाम करने की राजनीति है तत्काल इस पर कार्रवाई की जाए।

## 3 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म

**प्रयागराज।** प्रयागराज में 3 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। 50 साल के व्यक्ति पर बच्ची के साथ रेप करने का आरोप लगा है। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर-के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना उतराव थाना क्षेत्र के एक गांव की है।शुक्रवार को अपनी बहन के यहां गया हुआ था। जहां बहन की जेठानी की नातिन को दुलारने के लिए उसको कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची की रोने की आवाज सुनकर परिजनों के पहुंचने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले की जानकारी पाते ही पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस टीम ने अभियुक्त राम सजीवन रहीम पट्टी पुलिया के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करके भेज दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।

## जून में रफ्तार पकड़ेगी शिक्षक भर्ती, जुलाई में परीक्षा की तैयारी




**प्रयागराज।** अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों और अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में लंबित पड़ी शिक्षक भर्ती जून में रफ्तार पकड़ेगी। चुनाव परिणाम आने के बाद नए शिक्षा सेवा चयन आयोग में अध्यक्ष और परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति कर दी जाएगी।हालांकि, पूर्व से तैनात आयोग कर्मियों ने लंबित भर्तियां पर काम शुरू कर दिया है। असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा जुलाई में कराने की तैयारी है और इसके बाद टीजीटी/पीजीटी के पदों पर भर्ती परीक्षा कराई जाएगी। असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती से जुड़े सभी दस्तोवज उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग से शिक्षा सेवा चयन आयोग में शिफ्ट कर दिए गए हैं। शिक्षा सेवा चयन आयोग के सूत्रों के मुताबिक शासन से निर्देश मिले हैं कि जुलाई के अंत या अगस्त की शुरूआत में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा कराने की तैयारी अभी से कर ली जाए। अशासकीय महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 1017 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया अगस्त-2022 में पूरी हो चुकी है और इसके लिए 1.14 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं।अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में टीजीटी/पीजीटी के 4,163 पदों पर भर्ती के लिए भी आवेदन की प्रक्रिया अगस्त-2022 में पूरी हो चुकी है। इस भर्ती के लिए तकरीबन 13.19 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। शिक्षा सेवा चयन आयोग के सूत्रों का कहना है कि टीजीटी/पीजीटी की परीक्षा बड़ी है और असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के मुकाबले इस परीक्षा में कई गुना अधिक अभ्यर्थियों को शामिल होना है। ऐसे में यह परीक्षा असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा के बाद कराने की तैयारी है। आयोग में अभी तक स्थायी अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की गई है और न ही परीक्षा नियंत्रक के पद पर तैनाती हुई है, जबकि परीक्षा तिथि से उसके आयोजन में परीक्षा नियंत्रक की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। जून में लोकसभा चुनाव के बाद आयोग में नए परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति कर दी जाएगी और इसके बाद लंबित भर्तियों की परीक्षा तिथि घोषित की जाएगी।



# हाईकोर्ट समाचार

## सिविल प्रकृति के मामले में आपराधिक मुकदमे की अनुमति नहीं दी जा सकती

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक आदेश में कहा है कि पूरी तरह से सिविल प्रकृति के विवाद में आपराधिक प्रक्रिया अपनाने और प्राथमिकी दर्ज कराकर मामले के निस्तारण के प्रयास की अनुमति नहीं दी जा सकती है। ऐसा करने से पुलिस के क्षेत्राधिकार का बेजा उपयोग होगा। इसी के साथ कोर्ट ने गाजियाबाद की हिमरी स्टेट प्राइवेट लिमिटेड और इंडिया बुल्स प्राइवेट लिमिटेड की रीना बग्गा के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करते हुए प्रकरण को ऋण वसूली अधिकरण (डीआरटी) गाजियाबाद में तय करने का निर्देश दिया है।यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र एवं न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने दोनों कंपनियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याची कंपनियों का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप त्रिवेदी का कहना था कि मुकदमा दर्ज करने वाली कंपनी ने हिमरी स्टेट प्राइवेट लिमिटेड से लोन लिया था। जिसे वह अदा करने में विफल रही। इससे उसके खिलाफ सरफेसी एक्ट के तहत प्रक्रिया शुरू की गई और कंपनी ने बंधक संपत्ति को नीलामी द्वारा इंडिया बुल्स को स्थानांतरित कर दिया। इस प्रक्रिया के विरुद्ध कं को किसी सक्षम फोरम से राहत नहीं मिली तो उसने दबाव बनाने और प्रक्रिया रद्द करने के लिए दोनों कंपनियों के खिलाफ गाजियाबाद के कवि नगर थाने में 22 जुलाई 2023 को प्राथमिकी दर्ज करा दी। प्राथमिकी में आरोप लगाया कि स्थानांतरित की गई संपत्ति का कुल मूल्य 2000 करोड़ रुपये है जबकि इसे मात्र 551 करोड़ रुपये में नीलामी द्वारा इंडिया बुल्स को दे दिया गया। इस प्रकार राज्य सरकार को राजस्व की क्षति पहुंचाई गई। यह भी आरोप है कि बंधक संपत्ति के अलावा उन संपत्तियों पर भी कब्जा कर लिया गया।कोर्ट ने कहा कि इस मामले में शिकायतकर्ता कंपनी पहले ही दो बार सुप्रीम कोर्ट जा चुकी है और वहां से याचिका इस आधार पर वापस ले गई कि इस प्रकरण का निस्तारण डीआरटी में किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया डीआरटी में लंबित है। कोर्ट ने कहा कि नीलामी में संपत्ति खरीदने वाली कंपनी ने स्थानांतरित की गई संपत्ति से अधिक पर कब्जा कर लिया है,इसका निर्णय भी डीआरटी में ही हो सकता है। कोर्ट ने कहा कि इस तरह के मामले सिविल प्रकृति के होते हैं और उन्हें प्राथमिकी द्वारा उठाए जाने की अनुमति नहीं दी जा सकर्त अगला लेख कोर्ट ने प्राथमिकी रद्द करते हुए प्रकरण का निस्तारण डीआरटी में करने का निर्देश दिया है।

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह को हाईकोर्ट से राहत, पर नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल का अपहरण कराने, रंगदारी मांगने, गालियां और धमकी देने के आरोपी जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह की जमानत मंजूर कर ली है, लेकिन उनको ट्रायल में कोर्ट से मिली सात साल की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। इससे पूर्व सांसद के राजनीतिक भविष्य पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं।हालांकि उनकी पत्नी को बसपा ने जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाया है। पूर्व सांसद धनंजय के अधिवक्ता कार्तिकेय सरन ने बताया कि जमानत के बावजूद धनंजय चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। क्योंकि हाईकोर्ट ने जमानत तो दी है लेकिन सजा पर रोक नहीं लगाई है। संभव है कि विशेष अदालत से मिली सजा के निलंबन को लेकर धनंजय सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को दोनो पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद उनकी जमानत पर फैसला सुरक्षित कर लिया था। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ कर रही थी। गौरतलब है कि अपहरण मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने जौनपुर की विशेष अदालत से मिली सात साल की सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल कर अंतिम फैसला आने तक सजा पर रोक लगाए जाने और जमानत पर जेल से रिहा किए जाने के लिए हाईकोर्ट में मांग की थी।

**जेल से बाहर आने के बाद दिलचस्प होगा मुकाबला :** सात साल की सजा के कारण पूर्व सांसद धनंजय सिंह का राजनैतिक भविष्य भले ही अधर में हो, लेकिन पत्नी श्रीकला रेड्डी का चुनाव दिलचस्प होगा। अब यह तय है कि धनंजय की राजनैतिक जमीन पर उनकी पत्नी भाजपा के कृपा शंकर सिंह और सपा कांग्रेस के इंडिया गठबंधन के बाबू सिंह कुशवाहा से मुकाबला करेंगी। फैसले आने के बाद जौनपुर में 29 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

## मंदिर के नाम पर अवैध कब्जा हटाने का आदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिलाधिकारी बस्ती को मंदिर के नाम पर किया गया अवैध कब्जा एक माह में हटाने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव ने 95 वर्ष के रिटायर अध्यापक रामजनम चौधरी की याचिका पर अधिवक्ता सुनील चौधरी को सुनकर दिया है। याची का कहना है कि गांव के जग्गू लाल, रवि गुप्ता, परमल मालिनी आदि ने प्रार्थी के घर के सामने पीपल के पेड़ के नीचे छोटे से मंदिर के नाम पर लगे हैंडपंप, पुराना कुआं और सड़क को कब्जा करके रास्ता बंद कर दिया है। इस पर प्रार्थी ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया अगला था तो एसडीएम ने तत्काल रोक लगा दी लेकिन स्थानीय लेख पुलिस की शह पर पुनः उन्होंने फिर कब्जा कर लिया। इस.. प्रार्थी अपना मकान नहीं बनवा पा रहा है। हाईकोर्ट ने जिलाधिकारी बस्ती को एक महीने में याची के प्रार्थना पत्र पर निर्णय लेने का निर्देश दिया है।

# लोकसभा चुनाव 2024 : फूलपुर सीट पर भाजपा व बसपा के दांव से चुनाव बेहद रोचक






**प्रयागराज।** प्रयागराज से सटी फूलपुर सीट पर भाजपा और बसपा के दांव से चुनाव बेहद रोचक हो गया है। भाजपा ने मौजूद सांसद का टिकट काट दिया है। पहले माना जा रहा था कि सांसद केशरी देवी का टिकट कटा तो उनके बेटे दीपक पटेल को मिल सकता है लेकिन भाजपा ने प्रवीण पटेल को उतारकर सभी को चौंका दिया है। प्रवीण पटेल ने बसपा से राजनीति की शुरूआत की थी। 2017 में बसपा से भाजपा में शामिल हुए थे। सपा ने अमरनाथ मौर्य को उतारा है। अमरनाथ भी लंबे समय तक बसपा में रहे हैं। बसपा ने अपने वरिष्ठ नेता जगन्नाथ पाल को उतारा है। ऐसे में यहां पर मुकाबला बसपा पृष्ठभूमि के प्रत्याशियों के बीच है।प्रवीण अपने पिता महेंद्र प्रताप पटेल की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। महेंद्र प्रताप झुंसी विधानसभा क्षेत्र से 1984, 1989 व 1991 में विधायक चुने गए थे। ये जनता पार्टी व कांग्रेस से जुड़े रहे। प्रवीण पटेल ने बसपा से राजनीतिक सफर की शुरूआत की थी। वर्ष 2007 में बसपा के टिकट पर फूलपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए। बसपा से ही 2012 का विधानसभा चुनाव लड़े, लेकिन हार का सामना करना पड़ा। फिर वर्ष 2017 से पाला बदलकर भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने 2017 व 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्हें फूलपुर से प्रत्याशी बनाया और दोनों में उन्हें जीत मिली। अब फूलपुर संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए गए हैं।वहीं सपा से उतारे गए प्रत्याशी अमरनाथ मौर्या पार्टी में प्रदेश सचिव भी हैं। अमरनाथ मौर्या भी प्रवीण पटेल की तरह बसपा में रह चुके हैं। 2002 में शहर पश्चिम से बसपा के टिकट पर विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। हालांकि पराजय का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा वह बसपा में कई पदों पर भी रह चुके हैं। पिछले विधानसभा चुनाव के समय स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ अमरनाथ मौर्य ने सपा ज्वाइन की थी। 2022 में विधानसभा चुनाव में शहर पश्चिम से सपा ने उन्हें टिकट भी दिया था, लेकिन नामांकन के अंतिम दिन रिचा सिंह को टिकट दे दिया, जिस कारण अमरनाथ मौर्या चुनावी दंगल से बाहर हो गए थे।बसपा से प्रत्याशी घोषित जगन्नाथ पाल 1996 में तत्कालीन बसपा सुप्रीमो कांशीराम के चुनाव में मतगणना एजेंट के रूप में कार्य कर चुके हैं। जगन्नाथ पाल भूतपूर्व सैनिक होने के साथ विकास इंटर कॉलेज एवं यूनिक पब्लिक स्कूल के प्रबंधक भी हैं। सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन में वह लंबे समय से हैं। ग्राम पंचायत अमरसापुर, बहादुरपुर के दस वर्ष तक प्रधान भी रहे। शुरू से बसपा का झंडा लेकर चल रहे हैं। यही वजह है कि पार्टी उन्हें विधानसभा सीट झुंसी के महासचिव, जिला उपाध्यक्ष, जिला प्रभारी, लोकसभा प्रभारी फूलपुर की जिम्मेदारी पूर्व में दे चुकी है। मुख्य मंडल जोन प्रभारी के साथ प्रयागराज व मीरजापुर मंडल के कोऑर्डिनेटर का दायित्व भी निभा चुके हैं। वर्तमान में प्रयागराज के मंडल प्रभारी का दायित्व निभा रहे हैं।

**जातीय समीकरण :** फूलपुर लोकसभा क्षेत्र के जातीय समीकरण की बात करें तो कुल मतदाताओं की संख्या 20.47 लाख से अधिक है। इनमें सबसे अधिक तीन लाख से ज्यादा कुर्मी मतदाता हैं। यादव मतदाताओं की संख्या भी दो लाख से अधिक है। पिछड़ी जाति के अन्य मतदाताओं की संख्या तीन लाख से अधिक है। करीब ढाई लाख मुस्लिम व ढाई लाख से अधिक अनुसूचित जाति के मतदाता भी हैं। अगड़ी जातियों में ब्राह्मण वोटरों की संख्या करीब दो लाख है। शहर की दोनों विधानसभा क्षेत्रों शहर उत्तरी एवं पश्चिमी में कायस्थ मतदाताओं की संख्या भी दो लाख से अधिक है।फूलपुर सीट पर पिछड़ों की निर्णायक भूमिका रहती है। इनमें भी कुर्मी मतदाताओं की बड़ी भूमिका होती है। 1977 में कमला बहुगुणा जीती थीं। इसके बाद 12 चुनाव हुए और 11 बार पिछड़ी जाति के उम्मीदवार विजयी रहे। अगड़ी जाति से कपिल मुनि करवरिया की ही जीत हुई है। इनके अलावा 2004 में अतीक अहमद की जीत हुई थी तो 2014 में केशव प्रसाद मौर्य जीते थे। शेष नौ चुनावों में भी कुर्मी उम्मीदवार ही संसद पहुंचने में सफल रहे। इस जातीय समीकरण को देखते हुए भाजपा ने प्रवीण पटेल को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, सपा ने यादव व मुस्लिम मतदाताओं के साथ अन्य पिछड़ी जातियों के ध्रुवीकरण को ध्यान में रखते हुए अमर नाथ मौर्य को प्रत्याशी बनाया है।

**आजादी के बाद हुए दूसरे चुनाव में ही बदला नाम :** आजादी के बाद हुए लोकसभा के दूसरे चुनाव में प्रयागराज जिले की संसदीय सीटों का नाम बदल दिया गया था। इलाहाबाद ईस्ट कम जौनपुर वेस्ट सीट को फूलपुर और इलाहाबाद वेस्ट सीट को इलाहाबाद नाम मिला। फूलपुर से चुनाव लड़े पंडित जवाहर लाल नेहरू और उनकी जन्मभूमि का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला लाल बहादुर शास्त्री को। इलाहाबाद सीट से शास्त्री और फूलपुर सीट से पंडित नेहरू और मसुरियादीन दोनों जीते थे। इस चुनाव में लाल बहादुर शास्त्री की अपेक्षा पंडित नेहरू को ज्यादा वोट मिले थे लेकिन उनका मत प्रतिशत लाल बहादुर शास्त्री की तुलना में काफी कम था। शास्त्री को 58.41 प्रतिशत वोट मिले थे जह नेहरू 36.87 प्रतिशत मत ही पाए थे।आल इंडिया भारतीय जनसंघ के उम्मीदवार रहे भूलई सिंह को सिर्फ 9.38 फीसदी यानी 20054 वोट ही मिले थे। निर्दल उम्मीदवार मुबारक मजदूर को एक भी वोट नहीं मिला था। वहीं फूलपुर सीट के 798642 मतदाताओं में से 616862 ने मतदान में हिस्सा लिया था। पंडित जवाहर लाल नेहरू को 36.87 प्रतिशत यानी कुल 227448 वोट मिले थे।एक सीट से दो प्रत्याशियों (एक सामान्य और दूसरा अनुसूचित जाति का) को विजयी घोषित करने का नियम इस चुनाव में भी लागू रहा। इस चुनाव में पंडित नेहरू के साथ मसुरियादीन विजयी होकर लोकसभा पहुंचे थे। मसुरियादीन को 198430 यानी 32.17 प्रतिशत वोट मिले थे। इस चुनाव में इन दोनों सीटों की स्थिति से स्पष्ट है कि दोनों सीटों से जीत भले ही कांग्रेस के तीन प्रत्याशियों की हुई र्थ कांग्रेस के विरोधियों की संख्या भी कम नहीं थी। दोनों सीत पर विपक्षी दल के उम्मीदवारों ने भी काफी वोट बटोरे थे।

**मोदी लहर में बीजेपी जीती, उपचुनाव में सपा विजयी :** फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में पाचं विधानसभा सीटें फाफामऊ, सोरांव, फूलपुर, इलाहाबादा पश्चिम और इलाहाबाद उत्तर शामिल हैं। इनमें सोरांव में सपा का कब्जा है। अन्य चार सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। मोदी लहर में 2014 में इस सीट पर भाजपा के केशव प्रसाद मौर्य ने जीत हासिल की थी। 2017 में योगी सरकार में केशव प्रसाद के डिप्टी सीएम बनने पर हुए उपचुनाव में यह सीट सपा ने भाजपा से छीन ली थी।पिछले चुनाव में भाजपा ने दोबारा इस पर कब्जा किया था। 2014 में बीजेपी के केशव प्रसाद ने 5,03,564 वोट हासिल कर सपा के धर्म राज सिंह पटेल को हराया था। धर्म राज पटेल को 1,95,256 और तीसरे नंबर पर रहे बसपा के कपिल मुनि करवरिया को 1,63,710 वोट मिले थे। कांग्रेस ने क्रिकेटर मोहम्मद कैफ को उस समय उतारा था। कैफ केवल 58,127 वोट ही हासिल कर सके थे।केशव मौर्य के डिप्टी सीएम बनने पर 2018 में हुए उपचुनाव में सपा के नागेन्द्र प्रताप सिंह पटेल ने 3,42,922 वोट हासिल कर बीजेपी प्रत्याशी और वाराणसी के पूर्व मेयर कौशलेंद्र सिंह पटेल को हराया था। कौशलेंद्र को 2,83,462 वोट मिले थे। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा की केशरी देवी पटेल ने सपा के पंधारी यादव को हराया था। केशरी देवी पटेल को 544701 और पंधारी को 372733 वोट मिले थे। कांग्रेस के पंकज पटेल 32761 वोट हासिल कर तीसरे स्थान पर थे।

# भाजपा सांसद पर जमकर बरसे प्रमोद, कहा- गंगा-जमुना सरस्वती का नहीं बना पाए संगम

## हादीहाल में इण्डिया गठबंधन द्वारा आयोजित हुआ प्रबुद्ध सम्मेलन

**अखंड भारत संदेश**



प्रबुद्ध सम्मेलन में मौजूद प्रमोद तिवारी, एसपी पटेल व अन्य।

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी ने केंद्र की मोदी सरकार पर चुनावी बांड घोटाले हुए साथ किसानों तथा युवाओं समेत हर वर्ग के साथ वादा खिलाफी का तीखा आरोप जड़ा है। वहीं विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी ने कड़े अंदाज में जिले के मौजूद भाजपा सांसद पर यह आरोप लगाया कि उनका नाम तो संगम है परंतु वह किसी तरह से गंगा जमुना सरस्वती के संगम नहीं बन पाए जिसकी वजह से आज प्रतापगढ़ सड़क विहीन है और 5 वर्ष के कार्यकाल में खुद के प्रयास से जिले के विकास को लेकर एक भी योजना ना ले आप आने की भी सफलता को लेकर जमकर बताया।

शनिवार को इंडिया गठबंधन की तरफ से प्रबुद्ध लोगों की एक मीटिंग हादी हाल में रखी गई जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर महेंद्र नाथ दुबे व संचालन आशुतोष पांडे ने किया इस मौके पर समाजवादी पार्टी के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी शिवपाल सिंह पटेल ने आज की मौजूदा सरकार को युवाओं के ऊपर उत्पीड़न करने और उनका रोजगार न देने के बारे में बताया इस मौके पर विधानसभा पट्टी के विधायक राम सिंह पटेल ने बताया कि इस समय हर किसान परेशान है इन आवारा जानवरों से जिनके नाम पर बहुत बड़ा घोटाला किया जा रहा है और रोजगार की सुविधा किसी भी प्रकार से प्रतापगढ़ में नहीं है यहां के लोग बाहर के शहरों में कमाने के लिए जाते हैं इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष के जिला अध्यक्ष नीरज त्रिपाठी, आचार्य ओम प्रकाश एडवोकेट, राधेश्याम शुक्ल जी, विजय शंकर त्रिपाठी, लालजी त्रिपाठी, मानिक चंद्र मिश्रा, सूर्यमणि तिवारी, श्याम शुक्ला, डॉक्टर संजय कपूर, दिनेश उपाध्याय, विशाल नाथ तिवारी आदि मौजूद रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजीव रंजन ने पूरेकेशवराय गायघाट स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम के निरीक्षण में पाया गया कि विधानसभावार मतदान के दिन प्रयोग की जाने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन की साफ-सफाई एवं टेस्टिंग का कार्य किया जा रहा था। ईवीएम और वीवीपैट का रेंडमाइजेशन सोमवार तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने ईवीएम, वीवीपैट के रजिस्टरों को देखा एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने सुरक्षा कर्मियों को ईवीएम वेयरहाउस की कड़ी निगरानी करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, उपजिलाधिकारी सदर उदयभान सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण करते डीएम।

# कपिल द्विवेदी के निधन पर प्रमोद ने जताया शोक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी के एक दिवसीय प्रतापगढ़ नगर आगमन के दौरान कांग्रेस नेता स्व. कपिल द्विवेदी जी के असामयिक आकस्मिक निधन पर उनके विवेकनगर स्तिथ आवास पर पहुंचकर चित्र पर पुष्प अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किए। कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा जी का शोक संवेदना पत्र स्व. कपिल द्विवेदी के पिता शंभू नाथ द्विवेदी जी को सौंपा। प्रमोद तिवारी जी ने कहा कि कपिल द्विवेदी मेरे परिवार के सदस्य थे और खाटी कांग्रेसी थे। शोक संवेदना में मुख्य रूप से पंडित श्याम किशोर शुक्ला, नगर अध्यक्ष इरफान अली, डा.लालजी त्रिपाठी, भगौती प्रसाद तिवारी, डॉ प्रशांत देव शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.वी.के.सिंह, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष/कार्यालय प्रभारी वेदान्त तिवारी, प्रशान्त सिंह, राम रतन तिवारी, सूर्य प्रकाश शुक्ला,अजीत सिंह, विश्वास सिंह, रामू पाण्डे, मो हुजैफ, अशुतोष तिवारी, विश्वास सिंह, संजय इस्तियाक, बेलाल अहमद, जावेद अहमद, सलमान खाऩ, देवमणि पांडेय,आदि उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों मौत को लेकर मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज करने की बात कही है।

लीलापुर थाना क्षेत्र के देवली गांव के गोपाल दुबे का पुरवा में गांव के आनंद दुबे की पत्नी चांदनी दुबे (27) शनिवार की सुबह अपने कमरे में बिस्तर पर मृत मिली। चांदनी को मृत देख उसकी ससुराल में हडकंप मच गया। ससुरालीजनों ने चांदनी के मायके पक्ष के परिजनों को फोन पर उसकी मौत की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पहुंचे मायके पक्ष के लोग चांदनी की मौत को लेकर आक्रोशित हो उठे। इधर मृतका के भाई लालगंज कोतवाली के अझारा निवासी गंगा प्रसाद तिवारी के पुत्र लवकेश तिवारी ने पुलिस को ससुरालीजनों के खिलाफ बहन की दहेज हत्या को लेकर तहरीर दी है। एसओ नरेन्द्र सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है, आरोपियों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस बाबत जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने भी घटना की जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

# गलत प्रश्न पत्र मिलने पर परीक्षार्थी हुए मायूस, परीक्षा निरस्त

## एमडीपीजी कालेज में चल रही सम सेमेस्टर की परीक्षाएं

**अखंड भारत संदेश**



गलत प्रश्न पत्र मिलने पर मायूस बैठे परीक्षार्थी।

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षाओं में प्रश्न पत्रों के बनाने में त्रुटियां आम हो गई हैं। प्रश्न पत्र बनाने में लगातार हो रही त्रुटियों के कारण परीक्षाएं निरस्त हो रही हैं जिससे परीक्षार्थी परेशान हो रहे हैं।बता दें कि आज बीएससी सेकंड सेमेस्टर केमिस्ट्री की बायो ऑर्गेनिक एंड मेडिसिनल केमेस्ट्री प्रश्न पत्र की प्रथम पाली में परीक्षा थी। प्रश्न पत्र का शीर्षक तो सही था किंतु उसकी विषय सामग्री सिलेबस के बाहर की बनी थी। प्रश्न पत्र पाते ही सभी केंद्रों पर परीक्षार्थी परेशान हो गए। परीक्षार्थियों ने कक्ष निरीक्षकों से प्रश्न पत्र त्रुटि पूर्ण होने एवं सिलेबस का प्रश्न न पूछे जाने की शिकायत की। कक्ष निरीक्षकों ने अपने-अपने महाविद्यालय के केंद्राध्यक्षों को वस्तु-स्थिति से अवगत कराया। प्रकरण विश्वविद्यालय तक पहुंचने के बाद विश्वविद्यालय ने परीक्षणोपरांत पाया कि फोर्थ सेमेस्टर के कोर्स को सेकंड सेमेस्टर के प्रश्न पत्र में पूछा गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है। इससे पूर्व बीकॉम षस्टम सेमेस्टर मानव संसाधन प्रबंध के प्रश्न पत्र में बैंकिंग के प्रश्न पूछे जाने पर परीक्षा निरस्त की जा चुकी है। यही नहीं बीए द्वितीय सेमेस्टर संस्कृत एवं गृह विज्ञान प्रश्न की परीक्षा एक ही तिथि और एक ही समय में कराई गई जबकि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने दोनों ही विषय को मुख्य विषय के रूप में लिया है। एक ही तिथि और एक ही समय में दोनों विषयों की परीक्षा होने से परीक्षार्थियों की एक विषय की परीक्षा छूट गई। एमडीपीजी कॉलेज के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि बीएससी सेकंड सेमेस्टर केमिस्ट्री विषय की बायोऑर्गेनिक एंड मेडिसिनल केमिस्ट्री का प्रश्न पत्र त्रुटिपूर्ण पाए जाने पर विश्वविद्यालय द्वारा निरस्त कर दिया गया है। इस प्रश्न पत्र के परीक्षा की तिथि व समय विश्वविद्यालय द्वारा बाद में घोषित की जाएगी।

# बाजिदपुर फीडर की सप्लाई सात घंटे लगातार बाधित रही

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कालाक़ांकर पावर 33/11 से जुड़े फीडर बाजिदपुर की सप्लाई शनिवार की सुबह साढ़े बजे से शाम लगभग साढ़े पांच बजे तक लगातार सात घंटे बाधित रही। इस बारे मे जानकारी करने पर एसडीओ कालाक़ांकार अरुण कुमार वैश्य व जेई ब्रजेश कुमार यादव ने बताया कि आरडीएसएस योजना के तहत बाजिद्रपु फीडर से जुड़े क्षेत्रो की बिजली आपूर्ति शनिवार की सुबह साढ़े दस बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक बाधित रही। आपूर्ति बाधित में 11 केवी लाइन पर मेंटीनेन्स का काम किया जा रहा है। आपूर्ति से बाधित गांव मंगली का पुरवा, नवाबगंज, पाइकगंज बाजार, जगरूप नगर, परियावां, सोनामऊ, बाजिदपुर व बरमौली क्षेत्र की आपूर्ति बन्द रही जो काम खत्म होने पर बहाल कर दी गई। बिजली आपूर्ति लगातार सात घंटे बाधित होने से लोग भीषण गर्मी व लू के थपेड़ो के चलते परेशान दिखाई दिये।

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन घायल, तीनों रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** निमंत्रण से लौट रहे बाइक सवार युवक भरोखन नहर पुलिया पर अनियंत्रित होकर पलट गए। जिसमें दोनों को गंभीर चोटे आ गई। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पट्टी में भर्ती कराया गया है। जहां से गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जौनपुर जनपद के बदलापुर निवासी अनुज व नीलकमल अपनी रिश्तेदारी पट्टी कोतवाली क्षेत्र के महोखरी गांव में आए हुए थे।

जहां से शुक्रवार देर रात वापस लौटते समय निर्माणाधीन भरोखऩ नहर पुलिया के पास गिट्टी सड़क पर फैली होने से बाइक अनियंत्रित हो गई। और दोनों बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए सीएचसी पट्टी में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत गंभीर होने के चलते मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। दोनों घायलों का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। वहीं दूसरी घटना। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के आकारीपुर गांव निवासी हरिश्चंद्र पुत्र रामराज जरूरी काम से नारंगपुर बाजार आया था। जहां से वह अपनी बाइक से घर लौट रहा था। औराईन गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उसके गले के पास की हड्डी टूट गई।

# राष्ट्रीय आय योग्यता परीक्षा में कटरा गुलाब सिंह के 19 बच्चों ने फिर लहराया परचम

## बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी मान्धाता ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**



राष्ट्रीय आय योग्यता परीक्षा में चयनित बच्चे।

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में मॉडल यूपीएस कटरा गुलाब सिंह के 19 बच्चे चयनित होकर जनपद में पुनः परचम लहराया है। शनिवार को आयोजित छात्र सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभाकर यादव खंड शिक्षा अधिकारी मान्धाता ने सभी 19 बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया । यहां का छात्र शिवांश गुप्ता 143 अंक अर्जित कर जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। विशिष्ट अतिथि रमेश चंद्र मिश्र जो इसी विद्यालय के पूर्व छात्र रहे उन्होंने बच्चों के बीच अपने अनुभवों को साझा किया।

मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि मैं अपने कार्यकाल में अभी तक ऐसा विद्यालय नहीं देखा। प्रधानाध्यापक फरहीम एवं पूरे शिक्षक बधाई के पात्र हैं जो प्रतिवर्ष इतने बच्चों का चयन कर रहे हैं। विगत सत्र 22 में दो बच्चे सत्र 23 में 26 बच्चे, सत्र 24 में 19 बच्चे, सत्र 24/25 में 19 बच्चे कुल 66 बच्चों का चयन राष्ट्रीय योग्यता में हो चुका है। प्रधानाध्यापक मोहम्मद फरहीम ने कक्षा 6 ,7, 8 के 51 बच्चों को निःशुल्क प्रतियोगी किताबें प्रदान की। इस मौके पर राष्ट्रीय शैक्षिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जियालाल, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक कौशलेंद्र प्रताप सिंह, पितामह यादव, रोशन, नीतू वर्मा, शिखा श्रीवास्तव, प्राथमिक विद्यालय पूरे वैष्णो के शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता, सुभाष पांडेय, सुभाषचंद्र ,बालेंद्र प्रताप सिंह, तथा अभिभावक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश चंद्र पांडेय अखिल ने किया। अंत में सभी अतिथियों का आभार प्रकट प्रधानाध्यापक मोहम्मद फरहीम ने किया।

# राम किशोर अग्रहरि के निधन पर जताया शोक

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के पाईकगंज बाजार परियावां रेलवे फाटक के निकट निवासी राम किशोर अग्रहरि (72) वर्षीय काफी दिनों से बीमार चल रहे थे जिनको उपचार के लिए ऊंचाहार ले गये थे जंहा शनिवार की अचानक अस्पताल मे मौत हो गई, जब तक परिजन लोग कुछ समझ पाते तब् तक सब कुछ खत्म हो चुका परिजनों मे चीख पुकार मच गई। अचानक हुई मौत से आस पास के घर के रिश्तेदार स्तम्भ रह गये परिजन लोग समय को देखते हुए अंतिम संस्कार के लिए नवाबगंज सोनामऊ घाट ले गये जंहा देर शाम तक अंतिम संस्कार मे भारी संख्या मे लोग मौजूद रहे। बता दें कि मृतक रामकिशोर परियावां के विजय किशोर अग्रहरि के बड़े भाई है अन्य चार भाइयो मे युगुल किशोर अग्रहरी, राजकिशोर अग्रहरी, व नवल किशोर अग्रहरी हैं।

# प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र पर बसपा का ब्राह्मण प्रत्याशी लड़ना तय

## अब होगा प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र का चुनाव दिलचस्प

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जैसा कि आशंका थी कि प्रतापगढ़ सीट पर बसपा ब्राह्मण कार्ड खेलेगी, लगभग वैसा ही दिखने लगा है। बसपा ने भाजपा में सेंध लगाते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी के पुत्र प्रथमेश मिश्र को अपना प्रत्याशी घोषित करने की पूरी तैयारी कर ली है। इससे भाजपा के संगम लाल गुप्ता व सपा के एसपी पटेल के चुनाव में बसपा त्रिकोणात्मक लड़ाई बनाने की फिराक में है।

पता चला है कि बसपा की घोषणा एक दो दिन में हो जाएगी। उसके बाद प्रतापगढ़ ससंदीय क्षेत्र का चुनाव दिलचस्प ढंग से आगे बढ़ेगा। वैसे बसपा सबसे बाद में अपना प्रत्याशी यहां उतारने जा रही है। बता दें कि अभी तक सपा ही भाजपा को अपना मुख्य प्रतिद्वन्दी मान रही थी लेकिन बसपा का खेल अभी बाकी है। उसके प्रत्याशी को हल्के में नहीं लिया जा सकता क्योंकि प्रतापगढ़ में लगभग दो लाख से अधिक ब्राह्मण मतदाता हैं। यदि बसपा ने सेंध लगाई तो यह सबसे ज्यादा भाजपा को प्रभावित करेगी। वैसे बसपा अपने मूल मतदाताओं की मदद से संघर्षपूर्ण त्रिकोणात्मक लड़ाई बनाने में जुटी है।

# ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर अधेड महिला ने दी जान

## ट्रेन के ड्राइवर ने परियावां स्टेशन मास्टर को दी सूचना

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक के छिंदौरा रेलवे फाटक के समीप पोल संख्या 66/2के समीप शनिवार की सुबह लगभग साढे नौ बजे चंडीगढ़ से प्रयागराज को जा रही ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेन 14218 से एक अधेड महिला ने रेलवे ट्रैक पर लेटकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली।

महिला के ऊपर से ट्रेन गुजरने के बाद ट्रेन ड्राइवर ने दो मिनट के लिए ट्रेन खड़ी कर दी उसके बाद परियावां स्टेशन के लिए रवाना हुई ट्रेन के जाने के बाद महिला का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने से हड़कंप मच गया ग्रामीणो की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी ट्रेन के ड्राइवर ने परियावां स्टेशन अधीक्षक चेतन शुक्ला को 9 बजकर 40 मिनट पर दी स्टेशन अधीक्षक ने घटना की जानकारी स्थानीय नवाबगंज पुलिस के साथ आर पी एफ व जीआरपी ऊंचाहार को दी। घटना की जानकारी मिलते ही नवाबगंज थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर ने उप निरी0 रमेश कुमार सिंह व आदित्य व हमराही महिला क़ानेस्टेबिल प्रीती यादव व कानेस्टबिल अभिषेक सिंह को मौके पर भेजा। लगभग साढ़े दस बजे मौके पर पहुंची पुलिस को रेलवे ट्रैक पर महिला का चेहरा क्षतिग्रस्त पड़ा हुआ शरीर के साथ मिला शव को पुलिस ने सीधा किया तो चेहरे का ऊपरी भाग क्षतिग्रस्त मिला ग्रामीणो की भीड़ व कोराली ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गुप्ता से पुलिस ने शिनाख्त कराया पुलिस के काफी प्रयास करने के बाद महिला के शव की शिनाख्त नही हो सकी। मृतक महिला के बाए हाथ मे गोदना गोदाई से राम आसरे भाई साहब व दाहिने हाथ मे रामदास पति फुल्लन लिखा होने की पुलिस ने पुष्टि की।

# पुलिस टीम पर हमले का आरोपी धराया

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने एक घटना के दौरान आरोपियो द्वारा पुलिस टीम पर जानलेवा हमले को लेकर एक आरोपी को शनिवार की दोपहर धर दबोचा। कोतवाली के दरोगा भुवाल सिंह यादव तथा विनोद कुमार चैरसिया फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। लालगंज कोतवाली के पुरवारा कटरा दुग्धा से मुकदमें मे फरार आरोपी नेकपाल उर्फ घनश्याम पटेल का पुत्र अभिषेक पटेल पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत मे लेकर न्यायालय भेज दिया। बतादें बीती ग्यारह जनवरी को कटरा दुग्धा में सड़क दुर्घटना में गांव के रामसमुझ पटेल की पत्नी कृपाला की मौत हो गयी थी। आक्रोशित ग्रामीणों ने दुर्घटना से नाराज होकर जाम लगा दिया था। जाम की सूचना पर लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर भी देर शाम घटनास्थल पहुंचे। आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पथराव में सीओ समेत कुछ पुलिसकर्मी चुटहिल हो गये। पथराव को लेकर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा बलवा व सरकारी कामकाज में बाधा समेत दर्जन भर गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर रखा है।

# चिकित्सा विज्ञान में ज्ञानार्जन में सदैव प्रेरणादायी रहेगा डा. अलका का व्यक्तित्व

## प्रोफेसर डा. अलका तिवारी की पुण्यतिथि पर हुए विविध आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रख्यात चिकित्सा विशेषज्ञ एवं मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज की प्रोफेसर डा. अलका तिवारी की बारहवीं पुण्यतिथि शनिवार को समारोहपूर्वक मनाई गयी। डा. अलका की याद में संगोष्ठी व मरीजों को फल वितरण के साथ जीएनएम की प्रशिक्षु छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।

डा. अलका राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की धर्मपत्नी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की मां भी थी। तहसील परिसर स्थित लाइब्रेरी हाल में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आरएस त्रिपाठी व पूर्व निदेशक डा. वकील अहमद एवं पूर्व उप निदेशक डा. पुरूषोत्तम शुक्ल समेत अतिथियों द्वारा डा. अलका के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। स्वास्थ्य सेवा एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में डा. अलका के योगदान एवं मानव स्वास्थ्य सुरक्षा पर शोध प्रबन्धन को लेकर व्याख्यान माला में यूनानी चिकित्सा के पूर्व मण्डलीय निदेशक डा. वकील अहमद ने डा. अलका के द्वारा मरीजों के उपचार एवं चिकित्सीय परामर्श की विशेषज्ञता को अनुकरणीय कहा। मुख्य अतिथि पूर्व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आरएस त्रिपाठी ने डा. अलका तिवारी को चिकित्सा विज्ञान में दिशाबोधक व्यक्तित्व बताया। पूर्व उप निदेशक स्वास्थ्य डा. पुरूषोत्तम शुक्ल ने कहा कि मरीज के बेहतर उपचार व देखभाल को लेकर डा. अलका तिवारी की सेवा आज के दौर मे चिकित्सा जगत के लिए सर्वोत्कृष्ट सेवा का आदर्श है। अध्यक्षता चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने किया।

# मासूम बच्चे की मां ने फंदे से लटक कर दी जान

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के महेशगंज थाना क्षेत्र के पूरे मसवन मिया का पुरवा निवासी रवि तिवारी की पत्नी नेहा तिवारी (23) वर्षीय शुक्रवार को कमरे के अंदर पंखे के चुल्ले मे साड़ी का फंदा डालकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली फंदे से लटकता शव देख हड़कंप मच गया। मृतक के लगभग एक वर्ष का बेटा है। बताया जाता हैं कि मृतका बिहार प्रान्त की है जो ईंट भट्टढे पर काम करने के दौरान रवि ने लगभग डेढ़ साल पहले वही शादी कर लिया था जो वही रहने लगा था लगभग दो माह पूर्व रवि अपनी पत्नी व बच्चे को लेकर घर आ गया। शुक्रवार की दोपहर किसी बात को लेकर पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई और नेहा ने कमरे के अंदर पंखे के चुल्ले मे साड़ी का फंदा डालकर जीवन लाल समाप्त कर ली। मृतका को फंदे से लटकता देख परिजनों मे कोहराम मच गया मृतका के ससुर राधेश्याम की। सूचना पर मौके पर पहुंची महेशगंज पुलिस ने शव को नीचे उतार कर लिखा पढ़ी करके पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा।

# जांच की कार्यवाही करते समय आमजन के साथ किया जाय विनम्र व्यवहार : व्यय प्रेक्षक

**व्यय प्रेक्षक ने एफएसटी, एसएसटी, लेखा टीम, वीवीटी एवं वीएसटी टीम के साथ की बैठक**

अखंड भारत संदेश





**कौशाम्बी।** व्यय प्रेक्षक विनय कुमार थामी द्वारा शनिवार को उदयन सभागार में एफएसटी, एसएसटी, लेखा टीम, वीवीटी एवं वीएसटी टीम के साथ बैठक की गई। बैठक में व्यय प्रेक्षक ने एफएसटी एवं एसएसटी टीम से उनके कार्यां एवं दायित्वों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि वाहन आदि की जॉच करते समय आमजन के साथ विनम्र व्यवहार किया जाय, किसी भी प्रकार की शिकायत न आने पाये। आदर्श आचार-संहिता का अनुपालन कराया जाय एवं स्वयं भी अनुपालन किया जाय। निर्वाचन सीजर आदि कार्यवाही निष्पक्ष रूप से किया जाय तथा नियमानुसार रिपोटिंग की कार्यवाही की जाय। उन्होंने एफएसटी एवं एसएसटी टीम को निर्वाचन सीजर मैनेजमेण्ट सिस्टम के विषय में भी विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उनसे तत्काल सम्पर्क कर सकतें हैं। उन्होंने वीवीटी एवं वीएसटी टीम से उनके कार्यों/दायित्वों की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दियें इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं प्रभारी व्यय लेखा/वरिष्ठ कोषाधिकारी रवीन्द प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पेड न्यूज पर रखी जाए विशेष निगरानी : व्यय प्रेक्षक

**व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी एवं कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण, क्षेत्रों में ड्यूटी कर रहें एफएसटी टीम की गाड़ियों की लोकेशन को जीपीएस ट्रैकिंग के माध्यम से किया अवलोकन व सत्यापन**



**कौशाम्बी।** व्यय प्रेक्षक विनय कुमार थामी ने शनिवार को एमसीएमसी एवं कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। उन्होंने एमसीएमसी के निरीक्षण के दौरान पेड न्यूज के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि पेड न्यूज पर विशेष निगरानी रखी जाय। इसके साथ ही उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया/प्रिन्ट मीडिया में प्रसारित/प्रकाशित विज्ञापन की रिपोर्टिंग के सम्बन्ध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। व्यय प्रेक्षक ने कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान सी-विजिल पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का अवलोकन एवं शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता की भी जॉच की। उन्होंने क्षेत्रों में ड्यूटी कर रहें एफएसटी टीम की गाड़ियों की लोकेशन को जीपीएस ट्रैकिंग के माध्यम से अवलोकन एवं सत्यापन किया। इसके साथ ही सोशल मीडिया-एक्स, फेसबुक एवं इंस्टाग्राम आदि के माध्यम से मतदाता जागरुकता एवं निर्वाचन से सम्बन्धित किये गये पोस्ट का अवलोकन किया। सोशल मीडिया-एक्स में फॉलोवर की जानकारी ली, जिसमे 31 हजार 800 फॉलोवर हैं। उन्होंने मतदाता जागरुकता से सम्बन्धित सोशल मीडिया में पोस्ट किये गये गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने डिस्ट्रिक कॉल सेन्टर एवं मतदाता हेल्पलाइन-1950 पर प्राप्त शिकायतों की जानकारी प्राप्त करते हुए शिकायती रजिस्टर का अवलोकन कर निस्तारण की गुणवत्ता की जाँच की निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गौंड एवं प्रभारी व्यय लेखा/वरिष्ठ कोषाधिकारी रवीन्द प्रताप सिंह, प्रभारी कन्ट्रोल रूम/अधिशासी अभियंता सिंचाई जगदीश लाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता एवं ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कीर्ति कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## खेत से लौट रहे किसान की गोली मारकर हत्या

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के दुगार्पुर गांव में शनिवार की देर रात्रि खेत से घर लौट रहे किसान रामानुज की गोली मारकर हत्या कर दी गयी हत्या की वारदात से सनसनी मच गई।किसान की पुरानी रंजिश में गोली मारकर हत्या की बात सामने आई है,इसके पहले भी रामानुज पर हमला हो चुका था,हत्यारों ने किसान रामानुज के सिर और सीने में तीन गोलियां मारी है,जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना की सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची है और जांच में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के दुगार्पुर गांव के किसान रामानुज की गांव के लोगों से दुश्मनी चल रही है पहले भी उन पर प्राण घातक हमला हो चुका है शनिवार की देर रात्रि खेत से लौटते समय हमला वरो ने उन पर ताबड़ तोड़ गोलियां बरसाकर उन्हें मौत के घाट उतार दिया है घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है, हत्या की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर परिवार के साथ-साथ गांव के सैकड़ो लोग पहुंच गए हैं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई।

### पुराने रंजिश को लेकर दो पक्षों में फायरिंग

**महगाव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के उजिहनी गोदाम गांव में शनिवार की शाम 7:00 बजे के लगभग पुराने रंजिश को लेकर दो पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए एक पक्ष से सलीम का बेटा अबू बकर कई लोगों को लेकर मौके पर पहुंच गया तो दूसरे पक्ष से अहमद कई लोगों को लेकर पहुंच गया है दोनों पक्ष के लोगों का आरोप है कि उनके ऊपर फायरिंग की गई है हालांकि इस फायरिंग में किसी को चोट नहीं आई है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है थाना पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## अपराध रजिस्टर में मृतक फगुवारे पर भी लोक सभा चुनाव में हुई शांति भंग की कार्यवाही

**फगुवारे हकीकत में जीवित है और अदालत की पत्रावली में मृतक घोषित है, जाँच कराई जाए तो फगुवारे की मृत्यु का प्रमाण देने वाले तत्कालीन थानेदार पर भी अभियुक्त को संरक्षण देने का मुकदमा दर्ज होगा**



1. लल्लन सोनी पुत्र मानिक चन्द उम्र 30 वर्ष
2. उदय सिंह पुत्र जितेन्द्र बहादुर सिंह
3. पारस सिंह पुत्र लाला त्रिपाठी उम्र 30 वर्ष
4. कन्धई यादव पुत्र जगत यादव उम्र 35 वर्ष
5. फगुहार पुत्र शिवबरन यादव उम्र 40 वर्ष
6. अनूप मिश्रा पुत्र पुत्र घनश्याम मिश्रा उम्र 37 वर्ष
7. सूघर यादव पुत्र श्याम सिंह यादव 28 वर्ष
8. मिलन चौरसिया पुत्र सूर्यभान उम्र 36 वर्ष
9. कौशल पुत्र धर्मपाल पासी उम्र 30 वर्ष
10. आदित्य वर्मा पुत्र राजवर्मा उम्र 25 वर्ष

**कौशाम्बी।** पुलिस रजिस्टर में जिस फगुवारे को मृतक घोषित किया गया उसी फगुवारे पर लोकसभा चुनाव में शांति भंग की कार्यवाही पश्चिम शरीरा पुलिस ने कर दी है देश में गजब की कानून और न्याय व्यवस्था चल रही है तीन दशक पूर्व तमंचा कारतूस के साथ फगुवारे को पश्चिम शरीरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था जेल से जमानत पर छूटने के बाद फगुवारे अदालत में हाजिर नहीं हुआ जिस पर अदालत में गिरफ्तारी वारंट जारी कर पश्चिम शरीरा पुलिस को निर्देशित किया कि आरोपी फगुवारे को गिरफ्तार कर अदालत में हाजिर करें अदालत से गिरफ्तारी वारंट आने के बाद थाना पुलिस ने अदालत को सूचना भेज दी कि फगुवारे की मौत हो गई जिससे तमंचा के आरोपी फगुवारे के मुकदमे की पत्रावली पर सुनवाई बन्द हो गई थाना के पुलिस रजिस्टर में भी फगुवारे मृतक होगा लेकिन फगुवारे तो जिंदा है और अभी भी जिंदा है और अब शांति भंग की कार्यवाही के बाद उप जिला अधिकारी की अदालत में भी जीवित होकर हाजिर होगा। अदालत से मृतक घोषित होने के 15 वर्षों बाद तक वह थाना के सामने चाय बेचता रहा पुलिस को चाय पिलाता रहा पुलिस थाने के कई उपनिरीक्षक और सिपाहियों से उसके गहरे सम्बंध है इतना ही नहीं मतदाता सूची में उसका नाम दर्ज है वह लगातार मतदान कर रहा है राशन कार्ड में उसका नाम है मोदी योजना के राशन का लाभ उठा रहा है विधानसभा लोकसभा चुनाव में मतदान कर चुका है थाने की तहरीर लिखता है लोगों की जमीन कब्जा करता है लोगों से झगड़ा लड़ाई करता है और इस बार के लोकसभा चुनाव में भी अदालत से मृतक फगुवारे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान करेगा लेकिन अदालत से मृतक घोषित कराने वाली पश्चिम शरीरा पुलिस फगुवारे को फिर गिरफ्तार कर जेल भेजने को तैयार नहीं है प्रकरण पर जाँच कराई जाए तो फगुवारे की मृत्यु का प्रमाण देने वाले तत्कालीन थानेदार पर भी अभियुक्त को संरक्षण देने का मुकदमा दर्ज होगा इसी के चलते पुलिस महकमा अदालत से मृतक फगुवारे की पत्रावली की जांच कर मामले की सच्चाई उजागर नहीं करना चाहती है जबकि फगुवारे हकीकत में जीवित है और अदालत की पत्रावली में मृतक घोषित है जिससे पुलिस महकमे के अपराधियों से गहरे संबंधों का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## मुरझाए कमल को फिर से खिलाने के लिए एक-एक कार्यकर्ता को दिए गए निर्देश

**जिला पंचायत सदस्यों के जबरिया घर गिराए जाने सहित तमाम मामलों के आरोप से मुरझाया दिखाई पड़ रहा है कमल का फूल**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** क्षेत्र में भाजपा नेताओं के तानाशाह आतंक अत्याचार और गुरूर के चलते कमल मुरझा गया है इस बात का एहसास पार्टी के प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर को भी हो चुका है जिससे विनोद सोनकर ने एक-एक कार्यकर्ता को निर्देश दिया है कि कमल के फूल को फिर से खिलाए यदि कमल का फूल पहले से खिल रहा होता तो सांसद प्रत्याशी विनोद सोनकर को कमल का फूल खिलाने के लिए एक-एक कार्यकताओं को निर्देश न देना पड़ता

सांसद प्रत्याशी विनोद सोनकर के निर्देश के बाद कुछ कार्यकताओं मुरझाए कमल के फूल को फिर से खिलाने के लिए मतदाताओं से संपर्क करने लगे हैं लेकिन तमाम ऐसे कार्यकर्ता पदाधिकारी है जो मुरझाए कमल के फूल को खिलाने की बात तो छोड़िए उसकी और देखना नहीं चाह रहे हैं कई माननीयों का चुनाव प्रचार में दिलचस्पी नहीं दिखाई पड़ रही है और वह सांसद प्रत्याशी विनोद सोनकर के कार्यक्रम से दूर भाग रहे हैं जिससे लोकसभा चुनाव में कमल का फूल फिर से खिल पाएगा या मुरझाया ही रह जाएगा इस बात को लेकर मतदाताओं के बीच में तेजी से चर्चा हो रही कमल का फूल मुरझाने के पीछे प्रमुख कारण में दुर्गा देवी इंटर कॉलेज के 100 करोड़ की जमीन कब्जा करना भवन्स मेहता अस्पताल की 100 करोड़ कीमत की जमीन कब्जा करना कार्यकताओं से सीधे मुंह बात ना करना जिले में अपराध अत्याचार से आम जनता का पीड़ित होना चुनाव जीतने के बाद लापता हो जाना पराए लोगों से नजदीकी और अपने लोगों से दूर भागना प्रमुख कारण बताया जा रहा है इतना ही नहीं कार्यकताओं के दुख दर्द में उनकी सुनवाई नहीं हुई है चारों तरफ भ्रष्टाचार चरम पर रहा है अधिकारी तानाशाही पर उतर आए थे माफिया अपराधी खुलेआम आम जनता का शोषण कर रहे थे जिला पंचायत सदस्यों का विरोध करना और उनके घर बुलडोजर लगाकर गिरा देना सहित तमाम ऐसे मामले हैं जिससे कमल का फूल मुरझाया दिखाई पड़ रहा है।

## इंस्पेक्टर के काम रुकवाने के बाद भी हो रहा निर्माण

**उद्यान मंत्री का चहेता ठेकेदार चाहर दिवारी बनाने में लूट रहा है उद्यान विभाग का खजाना**



**कौशाम्बी।** योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था पर उद्यान विभाग के मंत्री का चहेता ठेकेदार भारी पड़ गया है उद्यान निदेशालय से कौशांबी जिले के राजकीय उद्यान विभाग की नर्सरी बालीपुर टाटा में चारों ओर चाहर दीवारी का निर्माण करने के लिए 50 लाख रुपए से अधिक का बजट स्वीकृत करने के बाद ठेकेदार को निर्माण की जिम्मेदारी दी गई बताया जाता है कि ठेकेदार उद्यान मंत्री का कारखास है और उन्हीं के निर्देश के चलते यहां विभागीय अफसर को बलाए ताक पर रखता है उद्यान विभाग की नर्सरी में तीसरे दर्जे के पीली ईट से निर्माण किया जा रहा है सीमेंट बालू के मिश्रण का अनुपात भी नियम विरुद्ध किया जा रहा है सीमेंट की जुड़ाई के बाद जोड़े दीवार को पानी से पूरी तरह तराई नहीं किया जा रहा है जिससे सीमेंट बालू का मिश्रण राख बन कर रह जाएगी। उद्यान विभाग की नर्सरी में जब घटिया निर्माण की जानकारी उद्यान विभाग के अधिकारियों को लगी तो इंस्पेक्टर प्रमोद को विभाग ने निर्माण स्थल पर भेज कर निर्माण के गुणवत्ता की जांच कर हकीकत देखने का निर्देश दिया प्रमोद ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर ठेकेदार द्वारा लगाए जा रहे दो ईट को आपस में टकराया तो ईट चूर-चूर हो गया मौके पर तीसरे दर्जे की घटिया क्वालिटी के पीली ईट का दो चट्टा लगा हुआ था सीमेंट बालू का मिश्रण भी मानक से बहुत खराब था जिस पर प्रमोद ने चाहर दिवारी के निर्माण रोकने का ठेकेदार को निर्देश दिया लेकिन ठेकेदार तो उद्यान मंत्री का चहेता है उसके लिए विभागीय अधिकारी कर्मचारी ठेंगे पर हैं उसने विभाग के इंस्पेक्टर की बात नहीं मानी और घटिया क्वालिटी के तीसरे दर्जे की पीली ईट से चाहर दीवारी का निर्माण शुरू रखा है उद्यान मंत्री का यह चहेता ठेकेदार निर्माण लागत का 30 प्रतिशत में निर्माण पूरा कर 70 प्रतिशत की रकम घोट जाना चाहता है घटिया निर्माण को विभागीय अफसर विवशता से देख रहे हैं वह ठेकेदार के साथ कुछ कर नहीं पा रहे हैं और मंत्री का चहेता ठेकेदार विभाग की रकम पर खुलेआम डाका डाल रहा है अब मंत्री जी तो कौशांबी के निर्माण की गुणवत्ता देखने नहीं आएंगे जिससे उन्हें ठेकेदार गुमराह करने में सफल हो जाएगा और सरकारी बजट लूटकर वह फरार हो जाएगा फिर शिकायत होती रहे जांच होती रहे जांच में लीपापोती होती रहेगी इसलिए घटिया निर्माण को रोकना होगा और मंत्री के चहेते ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज करा कर उस पर कठोर कार्रवाई किए जाने की जरूरत है। घटिया निर्माण पर रोक लगाए जाने की आवाज आम जनता ने भी बुलंद की है अधिकारी को भी शिकायती पत्र दिया गया था लेकिन उसके बाद भी घटिया निर्माण पर रोक नहीं लग सका है जिससे योगी सरकार में भ्रष्टाचार मुक्त की बात करना बेमानी लगने लगा है ठेकेदार के निर्माण पर यदि रोक नहीं लगाई गई तो उद्यान विभाग का खजाना ठेकेदार के लूटने से कोई नहीं रोक सकता निर्माण की हकीकत उजागर करनी होगी जिससे उद्यान मंत्री को भी मालूम हो सके कि उनके साथ में रहने वाले लोग स्वार्थी है और उन्हें भी गुमराह करने से नहीं चूक रहे हैं इस संबंध में जिला उद्यान अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन अवकाश का दिन होने के चलते उनसे बात नहीं हो सकी है।

## पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम



**कौशांबी।** पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड गर्ल्स इण्टर मीडीएट कालेज के छात्र - छात्राओं ने हाई स्कूल एवं इंटर की बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक से उत्तीर्ण होकर कालेज एवं अपने अभिभावकों का क्षेत्र में मान सम्मान बढ़ाया। इसी परिप्रेक्ष में विद्यालय के प्रबंध तंत्र ने समस्त छात्र - छात्राओं के सम्मान हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया। यूपी बोर्ड द्वारा हाई स्कूल एवं इंटर का परीक्षा परिणाम जारी होते ही परीक्षा परिणाम देखकर पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्या एवं समस्त अध्यापकगण गर्वांवित महसूस कर रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष में विद्यालय परिसर में समस्त छात्र - छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नॉर्दर्न रेलवे बोर्ड भारत सरकार नई दिल्ली के पूर्व सदस्य डॉ. प्रभु शंकर शुक्ल ने कहा कि बच्चों ने जिस प्रकार से हाई स्कूल एवं इंटर में अंक प्राप्त किए हैं वह बहुत ही प्रशंसनीय है इसका पूरा श्रेय पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल के अध्यापक गण एवं बच्चों के अभिभावकों को जाता है। प्रबंधक प्रभु शंकर शुक्ल ने मीडिया से बात - चीत के दौरान बताया कि बच्चे शत - प्रतिशत अंक प्राप्त करने के मामले में क्षेत्र में सबसे ऊपर हैं और सर्वाधिक अंक प्राप्त किए हैं। कालेज प्रबंधक प्रभु शंकर शुक्ल द्वारा बच्चों को बधाई देते हुए भविष्य उज्जवल होने की शुभकामनाएं दी गई। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. श्वेता सिंह भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं दिए। निम्नलिखित छात्र - छात्राओं द्वारा प्राप्त अंक इस प्रकार से हैं। इण्टरमीडिएट में वर्तिका केशरवानी (90.4%), सलोनी सिंह पटेल (89.2%), रितिका पटेल (82.6%), सेजल दिवाकर (82.4%), यश केशरवानी (79.8%), अनुशिखा पाण्डेय (79.4%), सार्थक मिश्रा (78.4%), भाव्या (74.8%), समिता मिश्रा (74.6%), अभिजीत पटेल (74%), अंजना मौर्या (73.2%), स्वाती मिश्रा (73%), सत्यम सिंह (71%), तपन गुप्ता (70%) हैं। हाईस्कूल स्कूल में यशिफा कौसर (91%), कसब (89%), कलश केशरवानी (88.5%), दीपा पाल (88%), शिवांशु सरोज (86.16%), विनीत कुमार (86%), दीपिका पाल (86%), प्रांशी (86%), दीपांजलि यादव (85.5%), शालिनी यादव (85%), पायल कुमारी (85%), सहिना साहू (84.16%), असफिया (84%), मुस्कान (84%), श्रेया गुप्ता (83.16%), रमन कुमार(83%),वैशाली श्रीवास्तव (83%), पंचराज साहू(82%), कोमल(81.83%), मुस्कान केशरवानी (81%), प्रमोद कुमार(81%), दिनेश कुमार(80%), प्राची पटेल(79.6%), दीक्षा चौधरी(79.3%), प्रियांशु पटेल(79%), अमन त्रिपाठी(79%), अभय सिंह(79%), काजल(79%), महेन्द्र पटेल(78.33%), प्रिया यादव(78.5%), सानिया(78%), विपिन कुमार(77.66%), अभिमन्यु(77%), शाश्वत कुशवाहा(77%), ज्योति(77%), वैभव केशवानी(76.33%), शिवानी प्रजापति(76.16%), अ न ा ु ष क ा ( 7 6 . 5 % ), ज ै न ा ब ा ( 7 6 . 5 % ), अनिकेत(75.16%), श्रेया केशरवानी(75.13%), जितेन्द्र कुमार(75%), प्रियंका पाल(75%) इस प्रकार से हाई स्कूल एवं इंटर की बोर्ड परीक्षा में छात्र/ छात्राओं ने अंक प्राप्त किए हैं।

## मतदान के दो दिन पहले से बंद रहेंगी मतदान समाप्त तक आबकारी की दुकाने

**कौशाम्बी।** जिला मजिस्ट्रेट राजेश कुमार राय ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 135 (ग) के खण्ड-(एक) में यथा उपबन्धित प्राविधानों के अन्तर्गत संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम-1910 की धारा-59 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद कौशाम्बी में पंचम चरण की मतदान तिथि 20 मई 2024 से 48 घण्टे पूर्व से मतदान समाप्ति अर्थात-दिनांक 18 मई 2024 की सायं 06 बजे से दिनांक 20 मई 2024 की सायं 06 बजे मतदान समाप्ति तक तथा 04 जून 2024 (मतगणना दिवस) को आबकारी की समस्त थोक एवं फुटकर बिक्री की दुकानों यथा-देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर, एफ0एल0-16/17 व भांग को बन्द रखने के आदेश दियें हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र जनपद प्रतापगढ़ व प्रयागराज की सीमा से सटें जनपद कौशाम्बी की सीमा के अन्दर 08 किमी की परिधि में पड़ने वाली समस्त थोक एवं फुटकर बिक्री की आबकारी दुकान दिनांक 23 मई 2024 की सायं 06 बजे से दिनांक 25 मई 2024 की सायं 06 बजे मतदान समाप्ति तक एवं 04 जून 2024 (मतगणना दिवस) को जनपद की समस्त थोक एवं फुटकर बिक्री की आबकारी दुकानें बन्द रखने के आदेश दियें हैं।इस बंदी के लिए अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का प्रतिफल अथवा छूट देय नहीं होगा तथा मतदान एवं मतगणना दिवस के दौरान मादक वस्तुओं के उपभोग को नियंत्रित करने के लिए उसके कब्जे में रखे जाने की सीमा का प्राविधान भी लागू रहेंगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकाकरियां को आदेश का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें हैं।

## न्यूज झरोखा

### रियाज कॉलेज के मेघावियों को डीआईओएस ने किया सम्मानित



**कौशाम्बी।** यूपी बोर्ड की इंटर मीडिएट परीक्षा में राज्य की टॉप टेन सूची में जगह बनाने वाली रियाज इंटर मीडिएट कॉलेज उखैय्या खास करारी की छात्रा सलोनी सिंह व जिले की टॉप टेन सूची में जगह बनाने वाली मिस्बा फात्मा व रूबी देवी के सम्मान में विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ सचिदानन्द यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।इस दौरान कॉलेज के छात्र छात्राओं ने गीत, कविता, नज्म आदि प्रस्तुत किया। इस मौके पर जिला विद्यालय निरिक्षक डॉ सचिदानन्द यादव ने कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि जिस मन में दृढ़ संकल्प हो तो आपको आगे बढ़ने से कोई रोक नही सकता।अपने वक्तव्य के दौरान उन्होंने बच्चों को कविता और शायरी भी सुनाई और तमाम तरह के पारिवारिक व सामाजिक पहलुओं पर भी अपनी बात रखी।उन्होंने विद्यालय के तीनों मेघावी छात्राओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

### सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत बस, ट्रक, टेंम्पो टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक



**कौशाम्बी** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तारकेश्वर मल्ल द्वारा शनिवार को कार्यालय कक्ष में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा माह के अन्तर्गत बस, ट्रक, टेंम्पो तथा टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों, चालकों एवं परिचालकों के साथ बैठक की गई। बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों, चालकों एवं परिचालकों से कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन किया जाय। उन्होंने जनपद में 20 मई को होने वाले मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया तथा अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं आस-पास के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने का आवाह्न किया व वाहनों पर स्टिकर लगवानें की भी अपील की।इस अवसर पर यातायात निरीक्षक, संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक), यूनियन के पदाधिकारीगण, कार्यालय स्टाफ एवं आम-जनमानस उपस्थित रहें।

### समस्याओं से ग्रसित ग्रामीणों ने मतदान बहिष्कार की घोषणा किया






**कौशाम्बी** मूलभूत सुविधाओं को लेकर ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार का निर्णय लिया है,ग्रामीणों ने गांव में पोस्टर बैनर लगाकर मतदान के बहिष्कार का ऐलान किया है,ग्रामीणों के मतदान के बहिष्कार की जानकारी होने पर जिला प्रशासन में हड़कप मचा हुआ है। मामला सिराथू तहसील क्षेत्र के लोहंदा गांव का है जहा के ग्रामीणों ने गांव में पोस्टर लगाकर लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है,ग्रामीणों ने कहा कि गांव में रास्ते संकरे है,नालिया नही है,लोग परेशान है,आरोप है की कई बार शिकायत के बावजूद गांव की समस्याओं का निराकरण नही किया जा सका है ,जिसके चलते वह इस बार लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करेंगे।

### सड़क हादसे में घायल दो युवकों की इलाज के दौरान मौत

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा ।कोतवाली क्षेत्र के अमरूपुर चौराहा के समीप शुक्रवार दोपहर दो बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई ।हादसे में दोनों बाइको पर सवार चार युवक घायल हो गए थे ।जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसमे शुक्रवार को जाफरपुर महावा गांव निवासी बड़कू का18 वर्षीय बेटा दीपक अपने दोस्त अजय व राकेश के साथ दानपुर सहज केंद्र से पूना के लिए रेलवे टिकट कराने गया था ।घर लौटते समय समय अमरूपुर चौराहा के समीप दोनों बाइको में भिड़ंत हो गई थी जिसमे दीपक की शुक्रवार को ही मौत हो गई थी ।दूसरी बाइक में अपनी माँ की कैंसर की दवा लेकर वापस लौट रहा दानपुर गांव निवासी जुम्मन का 20 वर्षीय पुत्र वहाज का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था जिसमे शनिवार को इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई है ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### रास्ता भटककर ट्रेन से भरवारी पहुंची युवती, शोहदे कर रहे थे परेशान, पुलिस ने परिजनो को सौंपा

**कौशाम्बी।** जिले के भरवारी कस्बे में ट्रेन से उतरी युवती को कुछ लड़के परेशान कर रहे थे। मोहल्ले के लोगो ने देखा तो लडको को भगाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची भरवारी चौकी पुलिस ने युवती से पूछताछ की और युवती के परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजन युवती को लेने के लिए भरवारी के लिए निकल चुके थे। मामला कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे का है जहा संस्कृत महाविद्यालय के पास एक 20 वर्षीय युवती बैठी रो रही थी ।युवती के पास कुछ लड़के खड़े थे और उसे परेशान कर रहे थे। तभी पास के दुकानदारों ने देखा तो उन्हें कुछ आशंका हुई। लोगो ने लडको को भगाकर युवती से पूछताछ की और उसकी सूचना भरवारी चौकी पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने युवती से पूछताछ की और उसके परिजनो को इसकी जानकारी दी। परिजनो ने बताया कि युवती प्रयागराज के सोराव की है और इसकी मानसिक स्थिति अच्छी नहीं है और वह पता नही कैसे यहां पहुंच आई है। पुलिस की सूचना पर परिजन उसे लेने के लिए प्रयागराज से भरवारी पहुंचे। लड़की को डायल 112 की महिला सिपाहियो ने अपने साथ भरवारी चौकी ले गई और परिजनो के आने पर उन्हें सौप दिया।

### कौशाम्बी के लोगो को जयपुर, मथुरा, बालाजी खाटू श्याम जाने के लिए मिल गई प्रयागराज बीकानेर एक्सप्रेस

**कौशाम्बी।** जिले के लोगो को जयपुर, मथुरा, बालाजी खाटू श्याम जाने के लिए प्रयागराज बीकानेर एक्सप्रेस मिल गई है। शुक्रवार से सिराथू में ट्रेन का स्टॉपेज शुरू हो गया है। अब कौशाम्बी जनपद के लोगो को इस ट्रेन को पकड़ने के लिए प्रयागराज जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। रेल मंत्रालय के पत्र के आदेश के क्रम में प्रयागराज से बीकानेर और बीकानेर से प्रयागराज जाने वाली ट्रेन 20404 व 20403 का स्टॉपेज शुक्रवार से सिराथू रेलवे स्टेशन पर शुरू हो गया है। सुबह 3.25 बजे ट्रेन का पहला स्टॉपेज हुआ है। अब कौशाम्बी के लोग सिराथू रेलवे स्टेशन से जयपुर, मथुरा, बालाजी खाटू श्याम जाने के लिए ट्रेन पकड़ सकते हैं।

### दो बारात के दो डीजे एक साथ पहुंच जाने से हुआ विवाद

**महगाव कौशाम्बी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात में अलग-अलग दो बारात आई थी दोनों बारात के लोग डीजे की धुन में नाच रहे थे जब दोनों डीजे एक साथ एक स्थान पर पहुंचा तो डीजे की आवाज को लेकर दोनों पक्ष के बारातियों में विवाद होने लगा इसी बीच एक पक्ष के बारातियों ने दूसरे पक्ष के बाराती सोनू पुत्र ऊदल को चार पहिया गाड़ी में भरकर उठा ले गए और उसे लाठी डंडे से बेरहमी से पीटा है जिससे उसे गंभीर चोट आई है घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और शनिवार को मामले की सूचना सोनू पुत्र ऊदल निवासी तिलगोड़ी थाना पिपरी द्वारा संदीपन घाट पुलिस को दी गई है।

### टवेरा सवार लोगों ने बाइक सवार को पीटा

**मंहगांव कौशांबी** पिपरी थाना क्षेत्र के चायल निवासी संतोष कुमार पत्र भगवती प्रसाद अपने बहन की सास की मृत्यु होने पर उमरावल थाना पिपरी मिट्टी देने गए थे मिट्टी देकर वह वापस लौट रहे थे जवई तिल्हापुर के पास रात्रि 9:00 बजे टवेरा सवार पांच लोगों ने संतोष को रोक लिया है और उन्हें बलपूर्वक मारा पीटा है आरोप है उनके पास नगद रुपए 7000 और जंजीर सोने की छीन ली है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

### बकरी भागने पर तीन लोगों ने युवक को पीटा

**मंहगांव कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बसेड़ी गांव में औसाफ अहमद पुत्र मेराज अहमद के घर पड़ोसी बिककन की बकरी घुस गई थी जिस पर औसाफ ने बकरी को भगा दिया इसी बीच बिककन अपने तीन साथियों के साथ औसाफ के घर पहुंच गया और गाली गलौज कर उसे मारा पीटा है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

# मतदाता जागरूकता रैली को डीएम ने किया रवाना

## डीएसओ ने आयोजित की रैली

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुपालन में आपूर्ति विभाग ने गैस एजेन्सी संचालकों के साथ मतदाता जागरूकता रैली पाठा जलकल से शुरू कराई। रैली का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।



रैली को रवाना करते डीएम-सीडीओ।

शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने रैली को रवाना करते हुए कहा कि 20 मई को मतदान केन्द्रों में प्रतिशत बढाने को रैली निकाली जा रही है, ताकि लोग जागरूक होकर ज्यादा से ज्यादा मतदान करें। जिला पूर्ति अधिकारी की मतदाता जागरूकता बाबत रैली में तीन दर्जन वाहनों पर बैनर व रंगीन गुब्बारे से सजे थे। मतदाताओं को जागरूक करने को आकर्षक नारे के साथ लाउडस्पीकर से प्रचार भी किया। रैली पाठा जलकल से शुरू होकर गंगाजी रोड होते हुए चकरेही चैराहा पहुंची। आम जनता ने रैली का गर्मजोशी से स्वागत किया। चकरेही चैराहा से धनुष चैराहा, पटेल चैराहा, एलआईसी चैराहा से मिशन रोड होते हुए धुस मैदान से गुजरकर पाठा जलकल में समापन हुआ। समापन पर जिला पूर्ति अधिकारी आनन्द कुमार सिंह समेत गैस डिलीवरी वाहन चालक, डिलीवरी मैनों से कहा कि प्रत्येक सिलेण्डर पर मतदाता जागरूकता स्टीकर लगाकर ही सिलेण्डर की डिलीवरी करें। इस मौके पर एसडीएम आलोक सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, बीएसए लव प्रकाश यादव, ईओ नगर पालिका लालजी यादव, पूर्ति निरीक्षक दिलीप कुमार, पूर्ति निरीक्षक मऊ अनुज कुमार पटेल, पूर्ति निरीक्षक मानिकपुर प्रदीप त्रिपाठी, पूर्ति निरीक्षक राजापुर कृपाशंकर द्विवेदी, अरविन्द कुमार गुप्ता, जितेन्द्र कुशवाहा, स्वीप सुरेश प्रसाद समेत गैस एजेंसी संचालक व कोटेदार मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं का हुआ प्लेसमेंट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आईक्यू एसी व कैरियर गाइडेंस सेल ने कैरियर काउंसलिंग कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में कामदगिरि साफ्टवेयर सॉल्यूसन प्रालि के एचआर मैनेजर अर्तिका पाण्डेय व साफ्टवेयर इं अमित कुमार जायसवाल ने छात्र-छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग बाबत जानकारी दी। प्लेसमेंट को ऑनलाइन टेस्ट के बाद चयनित विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया।

शनिवार को महाविद्यालय के तकरीबन पचास छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं ने कैरियर काउंसलिंग बाबत जिज्ञासाओं बाबत प्रश्न पूंछे। समाधान महाविद्यालय परिवार के प्राध्यापकों व अतिथियों ने किया। इससे पहले अध्यक्षता करते हुए



प्लेसमेन्ट लेते अतिथिगण।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो डॉ विनय कुमार चैधरी ने कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव की उपयोगिता रेखांकित की। हिस्सा लेने वाले छात्र-छात्राओं को कैरियर को साकार रूप देने को मेहनत-लगन से प्रतियोगी परीक्षा अनुरूप खुद को ढालने व गतिविधियों में बढ-चढकर हिस्सा लेकर प्रतिभा निखारने को प्रेरित किया। संचालन डॉ नीरज गुप्ता ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय प्राध्यापक डॉ राजेश कुमार पाल, आईक्यू एसी प्रभारी डॉ रामनरेश यादव, प्रभारी डॉ अतुल कुमार कुशवाहा समेत डॉ सीमा कुमारी, डॉ मुकेश कुमार, डॉ हेमन्त कुमार बघेल, डॉ आशुतोष कुमार शुक्ला, डॉ गौरव पाण्डेय, डॉ रचित जायसवाल, डॉ गजेन्द्र सिंह, डॉ सिद्धान्ता चतुर्वेदी, बलवन्त सिंह राजौदिया मौजूद रहे।

## छवि धूमिल कर रहे कुछ लोग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर कस्बे के श्री महादेव मोटर्स के स्वामी राहुल केशरवानी पुत्र सत्यनारायण केशरवानी ने कुछ लोगों पर आरोप लगाया कि 31 मार्च को प्रतिष्ठान आये। स्टाफ के रंजीत कुमार, सुनील मिश्रा आदि से गाडी में कार्य करने को कहा। स्टाफ के ये कहने पर कि पिछला बकाया है, चुकता करिये तब काम होगा। शनिवार को राहुल केशरवानी ने आरोप लगाया कि उप लोगों ने स्टाफ से गाली-गलौज कर मारपीट का प्रयास किया। स्टाफ के वीडियो बनाने पर फोन छीन लिया। पुलिस को बुलाने पर धमकी देते हुए चले गये। थानाध्यक्ष ने सूचना के बाद भी कार्यवाही नहीं की। न्यायालय में 156(3) के तहत आवेदन दिया है। अब वे मामला वापस लेने का दबाव बना रहे हैं।

26 अप्रैल को प्रतिष्ठान आये लोगों ने दबाव बनाने की गरज से सामाजिक छवि धूमिल करने को खबरें चलाई, जो गलत है। किसी युवती से छेडछाड नहीं की, ब्लैकमेल को ये खेल चल रहा है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह को पत्र सौंपा है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

# 20 मई को 48 घंटे पहले से बन्द रहेंगी शराब दुकानें: डीएम

## लोस चुनाव में आदेश का हो सख्ती से पालन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक आनन्द ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र व उप्र शासन आबकारी अनुभाग के निर्देशों में लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र व निर्विघ्न चुनाव संचालन को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले से मतगणना स्थल से संबंधित क्षेत्रों में आबकारी की सभी दुकानों में बिक्री



डीएम अभिषेक आनन्द।

बन्द रहेगी। शनिवार को उन्होंने बताया कि इस अवधि में किसी भी प्रकार की शराब दुकानें, होटल, रेस्त्रां, क्लब व शराब बेचने व बांटने की अनुमति नहीं दी जाएगी। लोस चुनाव मतदान व मतगणना के दिन मद्य निषेध घोषित कर शांति बनाये रखने व स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने की गरज से संयुक्त आबकारी अधिनियम 1910 की धारा 59 में दिये अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला मजिस्टेट्रट के आदेश हैं कि संबंधित क्षेत्र में जिले के सभी देशी, विदेशी शराब, मदिरा, बियर मॉडल शॉप, भांग की थोक व फुटकर दुकाने बंद रहेंगी। जिले की सीमा में आठ किमी परिधि की प्रयागराज व मप्र के रीवा-सतना की भी दुकानें मतदान तिथि 20 मई व 18 मई को शाम छह बजे से 20 मई शाम छह बजे तक मतदान समाप्ति तक षष्टम चरण 25 मई को प्रयागराज की सीमा से आठ किमी परिधि में जिले की सभी शराब दुकानें ओबरी, मुर्का 23 मई को शाम छह बजे से 25 मई छह बजे तक अथवा मतदान समाप्ति तक बंद रहेंगी। इसी प्रकार चार जून मतगणना दौरान जिले की सभी दुकानें पूरे दिन बन्द रहेंगी। बंदी का कोई प्रतिफल देय नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार के मादक पदार्थों का न संचय करेगा न वितरण करेगा और न लेकर चलेगा। उल्लंघन की दशा में ठेकेदारों व दोषी लोगों पर आबकारी अधिनियम व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी। इस आदेश का सख्ती से पालन करायें।

# जिन बच्चों में शालीनता होती है, वही होते हैं सम्मान योग्य: नवलेश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भागवताचार्य नवलेश दीक्षित महाराज ने श्रोताओं को जड़ भरत एवं प्रहलाद चरित्र की कथा का रसपान कराया। शनिवार को जिला मुख्यालय के तरौंहा स्थित भारद्वाज आवास में जारी श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भागवत पीठ धर्मार्थ सेवा संस्थान से पधारे कथा व्यास नवलेश दीक्षित महाराज ने बताया कि भागवत मृत्यु को मंगलमय बनाती है। बच्चे वही सम्मान के योग्य होते हैं, जिनमें शालीनता होती है। वह माता-पिता और वंश के उज्जवल दीपक होते हैं। ध्रुव, प्रहलाद की कथा यही शिक्षा देती है। गुरु कृपा जैसी कोई संपत्ति नहीं है। बस सद्गुरु पर समर्पित हो जाए। गुरु भक्ति योग में शारीरिक, मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक हर प्रकार के अनुशासन का समावेश है। गुरु लीला की महिमा जो कान नहीं सुन सकते, वह कान सचमुच बहरे हैं। भागवत के चतुर्थ स्कंध की कथा सुनाते हुए कहा कि मधुर वचन पुष्प के समान प्रिय होते हैं, जबकि कटु वचन कांटों समान हृदय में चुभते हैं। जीवन में



कथा व्यास नवलेश दीक्षित।

हमेशा मीठे मधुर वचन ही बोलें। भागवत की कथा केवल कहानी नहीं, जीवन जीने की कला हैं। बामन चरित्र की कथा तन, मन, धन से खुद को अर्पण करने की कथा है। जड़ भरत की कथा सुनाते हुए जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव, कष्ट, सुख-दुख का मार्मिक वर्णन किया। श्रोता मंत्रमुग्ध रहे। जड़ भरत को कहते हैं, जब तक महापुरुषों के चरणों की रज माथे में नहीं लगायेंगे, तब तक जीवन में कुछ मिलने वाला नहीं है। कर्म में विश्वास करें। अपेक्षा से अधिक मिलता है।इस दौरान मुख्य यजमान राकेश भारद्वाज, धर्मपत्नी कामिनी भारद्वाज, अनिल भारद्वाज, दीपक भारद्वाज, केदारनाथ द्विवेदी, गरीबदास गर्ग, राज नारायण गर्ग आदि सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे।

## लोस चुनाव में बच्चों से कार्य लेना होगा उल्लंघन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह ने बताया कि बच्चों को बाल श्रमिक बनाना कानूनी अपराध है। निर्वाचन आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर लोस चुनाव में लोस प्रत्याशियों समेत खासतौर पर चुनाव बाबत प्रचार-प्रसार गतिविधियों व पम्पलेट, पोस्टर चिपकाना आदि कार्य में किशोर/किशोरियों 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को लगाने पर आचार संहिता उल्लंघन माना जाएगा। शनिवार को उन्होंने सभी प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों से कहा कि चुनाव प्रचार-प्रसार में बच्चों को उपयोग में लेने से बचना होगा। ऐसी कोई भी गतिविधि जिसमें बच्चे श्रम करते शामिल होंगे, बाल श्रम माना जाएगा। बाल श्रम के उल्लंघन पर लोकसभा चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा।

## तीन के कब्जे से 102 क्वार्टर शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से 102 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। शनिवार को बरगढ थाने के दरोगा पवन कुमार प्रधान ने ननकू पुत्र रामसजीवन कटैया डांडी के कब्जे से 55 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। पहाडी थाने के दरोगा विपिन कुमार मिश्रा ने महेश प्रजापति पुत्र संतोष प्रजापित कहेटामाफी के कब्जे से 17 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। इसी क्रम में राजापुर थाने के दरोगा इमरान खान ने बालकेश सोनकर पुत्र लवलेश सोनकर गोस्वामी नगर राजापुर के कब्जे से 30 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

## भरतकूप-बदौसा के बीच पटरी पर मिला शव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भरतकूप व बदौसा के बीच रेलवे पटरी पर एक अधेड का शव मिलने की सूचना दी गई है। 26 अप्रैल को रेलवे सुरक्षा बल चित्रकूटधाम कर्वी के सहायक उपनिरीक्षक कमलेश कुमार तिवारी व सिपाही श्रीराम के साथ घटना स्थल पहुंचे। मौके पर गेटमैन राजकमल वर्मा, कीमैन रमेश पटेल मिले, ये शव की देखरेख कर रहे थे। शव को लाइन किनारे सम्मान से रखे थे। भरतकूप थाने के दरोगा केडी यादव स्टाफ समेत आये। मृतक के पिता व बड़ा भाई सुरेश भी पहुंचे। गांव के 20-25 लोग भी मौजूद थे। जिन्होंने बताया कि मृतक मानसिक रूप से बीमार था। लाइन किनारे कैसे आ गया, नहीं मालूम। मृतक का नाम प्रेमबाबू (30) पुत्र रामहित रैदास बड़ोखर थाना गिरवा जिला बांदा का था। उसके पास से कोई टिकट व सामान नहीं मिला। भरतकूप थाने के दरोगा ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

# लोस चुनाव का नामांकन पत्र खरीदकर पूर्व सांसद ने चौकाया

## भाजपा-सपा-बसपा प्रत्याशियों समेत 21 ने खरीदे नामांकन पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा-सपा-बसपा प्रत्याशियों समेत पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने नामांकन पत्र खरीदकर संसदीय क्षेत्र की जनता को चौका दिया है। सियासी गलियारों में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र के नामांकन पत्र खरीदने से खलबली मच गई है। खासतौर पर भाजपा प्रत्याशी/सांसद आरके सिंह पटेल की धडकने बढ गई हैं।

शनिवार को बांदा कलेक्टेट्रट से 21 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे हैं। उनमें सबसे आगे बलदाऊगंज कर्वी के आरके सिंह पटेल ने तीन सेट में नामांकन पत्र खरीदे हैं। सपहा गांव के बाबूलाल यादव ने भी लोक पार्टी से तीन नामांकन पत्र लिये हैं। रामसजीवन बेनामऊ बबेरू निर्दल तीन सेट, राम सिंह शिव बबेरू ने भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से तीन, विजय प्रकाश खोही ने निर्दल, अरविन्द कुमार गुप्ता मनोरथ थोक बबेरू निर्दल ने दो, बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी दिखितवारा अतर्रा ने चार सेट में नामांकन लिया है। मिया बरौली बबेरू के सपा प्रत्याशी शिवशंकर सिंह ने चार सेटों में नामांकन खरीदा है। मिया बरौली बबेरू की कृष्णा देवी ने निर्दल दो सेट, पंचा अगरहुण्डा मानिकपुर ने भागीदारी पार्टी पी से दो सेट, गुलाबचन्द्र गुमाई अतर्रा राष्ट्र उदय पार्टी से दो, चन्द्रभवन नांदन मऊ अतर्रा निर्दल दो, प्रमोद कुमार दांदो बबेरू अपना दल कमेरावादी से दो सेट, सुरेन्द्र कुमार कृष्णानगर अतर्रा स्वतंत्र जनता रात पार्टी दो, मोहनलाल मनोरथ थोक बबेरू विकास इंडिया



पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र।

पार्टी से एक, राजप्रताप सिकरी छीबों लोहिया जनता दल से एक, भूपेन्द्र शुक्ला सिविल लाइन निर्दल एक, रामचरन बेना मऊ बबेरू निर्दल एक, मुकेश चन्द्र जैन कैलाशपुरी निर्दल एक व भाजपा से पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा नई बाजार प्रयागराज रोड कर्वी ने एक सेट में नामांकन पत्र खरीदा है। अभिलाष कुमार यादव कालू कुआ तिंदवारी रोड निर्दल ने भी एक सेट में नामांकन पत्र खरीदा है।

इनमें खास बात ये है कि मुकेशचन्द्र जैन कैलाशपुरी बांदा तकरीबन हर चुनाव में नामांकन खरीदकर चुनाव लडते हैं। ये आज तक कोई चुनाव नहीं जीत सके। प्रधानी से लेकर जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत, विधानसभा, लोकसभा, नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव लड चुके हैं। आज तक कहीं जीते नहीं हैं। इन नामांकन पत्रों की खरीद में चैंकाने वाली बात ये है कि राष्ट्रीय दलों के प्रत्याशियों के नामांकन खरीदने की बात तो ठीक लगती है, लेकिन पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा के नामांकन खरीदने की बात से सभी लोगों को ताज्जुब हुआ है। कुछ भी हो उन्होंने भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल की धडकने बढा दी हैं। साथ ही बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी के लिए भी खतरे की घंटी बन गये हैं। कुल मिलाकर भैरों प्रसाद मिश्रा के चुनावी समर में उतरने से चुनाव में रोचकता तो आयेगी ही।

# सीएम ने माफिया को मिट्टी में मिलाया: प्रकाश पाल

## पाल समाज का सम्मेलन सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पटेल उत्सव भवन में पाल समाज के सामाजिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व विशिष्ट अतिथि बतौर धूमनगंज की विधायक जया पाल की मौजूदगी में प्रकाश पाल ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने माफिया को मिट्टी में मिलाने की बात को जमीनी हकीकत में बदला है। शनिवार को पाल समाज के सम्मेलन में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि सीएम योगी ने माफियाओं को मिट्टी में मिलाने के अभियान के साथ बुलडोजर भी चलवाया है। वारदातों में शामिल अपराधी मुठभेड़



पाल समाज के सम्मेलन में बोलते प्रकाश पाल।

में मारे जा रहे हैं। सपा के गुंडों ने उमेश पाल की हत्या की थी। इस हत्याकांड में शामिल अतीक अहमद व भाई का सफाया हो गया है। आज कोई भी प्रदेश में अपराधी सिर उठाने लायक नहीं रहा। विशिष्ट अतिथि जयापाल ने कहा कि भाजपा सबकी पार्टी है। सभी मिलकर अबकी बार 400 पार का एजेंडा लेकर मतदान में हिस्सा लेना है। न्याय मिला है तो वह न्याय भाजपा सरकार में मिला, उप्र से अपराधियों का सफाया हो चुका है। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि जिन्होंने श्रीराम को टेंट में बैठा रखा था, उन्हें पार्लियामेंट नहीं पहुंचने देना। अबकी बार फिर भाजपा सरकार बनाकर मोदी के हाथों को मजबूत करना है। भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने कहा कि सपा ने न केवल अपराधियों का पोषण किया, बल्कि विधायक-सांसद भी बनाया। उनकी सरकार ने माफिया को नष्ट किया। भाजपा सरकार ने अपराधियों को मिट्टी में मिलाया है। इस मौके पर जिला प्रभारी अनिल यादव, चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, शिव शंकर सिंह, बलवीर पाल, राजा रामपाल, रवि गुप्ता, आलोक पांडे, भागवत त्रिपाठी, अर्पित जायसवाल, बाबूलाल पटेल, दिनेश पटेल, शिवाकांत पांडे, अखिलेश रैकवार, सुरेश अनुरागी, जयप्रकाश पांडेय आदि मौजूद रहे।



जागरूक करती एंटी रोमियो टीम सदस्य।

## एंटी रोमियो टीमों ने महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरुक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास को जारी मिशन शक्ति अभियान-4 के तहत जिले के सभी थानों की एंटी रोमियों टीमों/शक्ति दीदी ने विभिन्न सार्वजनिक स्थल व गांवों में भ्रमण कर महिला-बालिकाओं को महिला सुरक्षा बाबत जागरुक किया।शनिवार को मिशन शक्ति अभियान-4 व शक्ति दीदी के तहत पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर जिले के नोडल अधिकारी मिशन शक्ति सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में सभी थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियों टीमों ने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों व गांवों में भ्रमण कर महिलाओं-बालिकाओं को जागरूक किया। चैराहे-बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराने महिलाओं-बालिकाओं के साथ छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन, टिप्पणियों की घटनाओं को रोकने को जागरुक किया। महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षा बाबत हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी। बताया कि सभी थानों में महिलाओं की सुरक्षा/सहायता को महिला हेल्पडेस्क है। महिला पुलिसकर्मी शिकायत सुनकर निस्तारण करती हैं। महिला सुरक्षा बाबत हेल्पलाइन नम्बरों के पम्पलेट बांटे। आत्मनिर्भर होकर क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने को प्रेरित किया। सोशल मीडिया पर प्राइवेसी रखते हुये प्रयोग करने की राय दी। जिले में गठित एंटी रोमियो स्क्वायड टीम सादे वस्त्रों में प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास तैनात रहती है। महिलाओं- बालिकाओ का जहां आवागमन होता है, चिन्हित कर शोहदों/मनचलो पर कार्यवाही की जाती है।

# तीन माह में हुई शराब बिक्री का दें ब्यौरा: व्यय प्रेक्षक

## व्यय प्रेक्षक ने अब तक के कार्यों की ली जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को निर्वाचन आयोग से नियुक्त बांदा-चित्रकूट लोकसभा के व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती ने चुनाव को लेकर गठित उड़नदस्ता, स्थैतिक निगरानी, वीडियो अवलोकन, वीडियो सर्विलांस, मीडिया प्रमाण, व्यय अनुवीक्षण टीम के सदस्यों के साथ बैठक कर अब तक किये कार्यों की जानकारी लेकर दिशा-निर्देश दिये।

शनिवार को कलेक्टेट्रट सभागार में हुई बैठक में व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती ने उड़नदस्ता टीम को निर्देश दिये कि अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर आने-जाने वाले वाहनों, संदिग्ध लोगों की जांच कर सी विजिल ऐप पर मिली शिकायतों का निस्तारण करें। स्थैतिक निगरानी



अधिकारियों से जानकारी लेते व्यय प्रेक्षक।

टीम को निर्देश दिये कि चिन्हित चेक प्वाइंट बैरियर पर आने-जाने वाले वाहनों की जांचकर क्षेत्र में भ्रमण कर वाहनों की औचक जांच करें। जांच दौरान नकदी, शराब, पैसा, आभूषण आदि सामग्री मिलने पर निर्वाचन आयोग गाइडलाइन अनुसार कार्य करें। जिस टीम को जिस प्वाइंट पर लगाया है, वह टीम वहीं रहकर कार्य करें। उनके क्षेत्र भ्रमण दौरान औचक जांच की जाएगी। अंतर्राज्यीय सीमा जांच पोस्ट पर अच्छे से वाहनों की जांच करायें। सभी टीमों के अधिकारियों से अभी तक क्या कार्यवाही हुई, विस्तृत जानकारी ली। एमसीएमसी टीम से कहा कि प्रतिदिन पैड न्यूज, चैनल, सोशल मीडिया आदि पर निगरानी रखें। जिला आबकारी अधिकारी से कहा कि तीन माह के अंदर हुई शराब बिक्री का ब्यौरा दें, इस समय क्या स्थिति है- सूचना दें। सभी टीमों को निर्देश दिये कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन अनुसार पूरी जिम्मेदारी से दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने व्यय प्रेक्षक का आभार जताया। संबंधित अधिकारियों से अक्षरशः पालन कराने का भरोसा दिया। बैठक में एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, एसडीएम मोहम्मद जसीम, आलोक सिंह, सतीशचन्द्र, डीएफओ नरेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# कंबोडिया के सैन्य अड्डे पर गोला-बारूद में विस्फोट, 20 सैनिकों की मौत

**नोम पेन्ह (कंबोडिया)।** कंबोडिया के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में एक सैन्य अड्डे पर गोला-बारूद में विस्फोट हो गयाने पर 20 सैनिकों की मौत हुई है। वहीं कई अन्य सैनिक घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है। कई सैनिकों की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। ये जानकारी खुद कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने दी है। उन्होंने शनिवार को कहा कि एक सैन्य अड्डे पर गोला-बारूद विस्फोट में बीस कंबोडियाई सैनिक मारे गए हैं।

प्रधानमंत्री के अनुसार, राजधानी के पश्चिम में कम्पोंग स्पू प्रांत में सेना के अड्डे पर दोपहर लगभग 2.45 बजे विस्फोट हुआ जिसमें कई सैनिक भी घायल हो गए, सेना ने कहा कि युद्ध सामग्री के एक पूरे ट्रक में विस्फोट हो गया।



हुन मानेट ने फेसबुक पर एक बयान में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी "गहरी संवेदना" व्यक्त करते हुए कहा, "बारूद विस्फोट की घटना की खबर पाकर मुझे गहरा सदमा लगा है।" साथ ही उन्होंने परिजनों से वादा किया है कि सभी मृतक सैनिकों के अंतिम सरकार का भुगतान सरकार करेगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल विस्फोट के कारणों का स्पष्ट कारण पता नहीं चल सका है।

कंबोडिया की सेना ने कहा है कि यह घटना एक "गोदाम गोला-बारूद विस्फोट" थी, जिसने हथियारों से भरा एक ट्रक नष्ट कर दिया था। एक कार्यालय भवन के साथ पास की बैरकें भी नष्ट हो गईं, जिसके परिणामस्वरूप हुए विस्फोट से आसपास के 25 घर भी क्षतिग्रस्त हो गए।

सोशल मीडिया पर विस्फोट को लेकर तस्वीरों वायरल हो रही हैं। जिसमें धुएं में डूबी एक मंजिला इमारत को नष्ट होते हुए दिखाया गया है। पास के गांव के निवासी भी टूटी खिड़कियों की तस्वीरें ऑनलाइन साझा कर रहे हैं।

पीएम हुन मानेट ने अपने बयान में कहा है कि उन्होंने रक्षा मंत्री और रॉयल कंबोडियन सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ को मारे गए सैनिकों के लिए तत्काल अंतिम संस्कार की व्यवस्था करने का आदेश दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि मारे गए लोगों के परिवारों को लगभग 20,000 डॉलर मिलेंगे, जबकि घायल सैनिकों को 5,000 डॉलर मिलेंगे।

# चीन और अमेरिका में पांच मुद्दों पर बनी सहमति



**बीजिंग।** चीनी विदेश मंत्री वांग यी और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने 26 अप्रैल को राजधानी पेइचिंग में बातचीत की। दोनों नेताओं ने विचारों के आदान-प्रदान पर पांच सूत्रीय समानताएं बनाईं।

पहला, दोनों पक्षों ने अपने-अपने राष्ट्राध्यक्षों के मार्गदर्शन में स्थिर और प्रगतिशील चीन-अमेरिका संबंधों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

उन्होंने सैन फ्रांसिस्को शिखर सम्मेलन के बाद से विभिन्न क्षेत्रों में बातचीत और सहयोग में हुई सकारात्मक प्रगति की सराहना की और शिखर सम्मेलन के दौरान हुए महत्वपूर्ण समझौतों के कार्यान्वयन में तेजी लाने की प्रतिबद्धता जतायी।

दूसरा, दोनों पक्षों ने शासन के विभिन्न स्तरों पर उच्च स्तरीय आदान-प्रदान और जुड़ाव बनाए रखने के महत्व पर सहमति जतायी। तीसरा, दोनों पक्षों ने चीन-अमेरिका कृत्रिम बुद्धिमत्ता अंतर-सरकारी वातालाप की पहली बैठक की घोषणा की। इसके अलावा, उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों के मूलभूत सिद्धांतों से संबंधित चल रही चचाओं में शामिल होने और चीन और अमेरिका के बीच उभरते एशिया-प्रशांत गतिशीलता और समुद्री मामलों पर विचार-विमर्श करने का वादा किया।

चौथा, दोनों पक्ष एक-दूसरे के देशों के छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं और सांस्कृतिक और लोगों के बीच आदान-प्रदान को व्यापक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अंत में, उन्होंने चिंता के महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर संचार की खुली लाइनें बनाए रखने के अपने इरादे की पुष्टि की।

## श्रीलंका में हिरासत में लिए गए 24 भारतीय मछुआरे रिहा

**कोलंबो।** श्रीलंकाई समुद्री सीमा में मछली पकड़ने के दौरान नौसेना द्वारा हिरासत में लिए गए 24 भारतीय मछुआरों को शुक्रवार को रिहा कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इससे पहले श्रीलंका ने दो दिन पहले ही पांच और भारतीय मछुआरों को वापस भेजा था।

कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने ह्यएक्सह्न पर एक पोस्ट में कहा, ह्यश्रीलंका से 24 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया गया है। वे कोलंबो से रवाना हो चुके हैं और फिलहाल अपने घर जा रहे हैं श्रीलंकाई नौसेना द्वारा हिरासत में लिए गए पांच भारतीय मछुआरों को बुधवार को भारत वापस भेजा गया था। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि इस महीने की शुरूआत में श्रीलंका की नौसेना द्वारा हिरासत में लिए गए 19 भारतीय मछुआरों को भी भारत वापस भेज दिया गया था।

## हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में जहाज को निशाना बनाकर दागीं मिसाइलें

**यरुशलम।** एक बार फिर यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से गुजर रहे जहाज पर शुक्रवार को मिसाइलें दागी, हालांकि यह उससे कुछ दूरी पर गिरीं। एक निजी सुरक्षा फर्म ने यह जानकारी दी।

कुछ दिनों के विराम के बाद अब फिर से हूती विद्रोहियों ने हमले तेज कर दिए हैं। गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध के दौरान क्षेत्र में नौवहन मार्ग पर हूती विद्रोहियों ने हमलों की शुरूआत की थी। निजी सुरक्षा फर्म एंब्रे ने कहा कि हमले में तीन मिसाइलें दागी गईं, जो पनामा-का ध्वज लगे एक टैंकर के करीब गिरीं। यह टैंकर सेशेल्स में पंजीकृत है। एंब्रे ने कहा कि जहाज ह्यप्रिमोर्स्कह्न रूस से भारत में गुजरात के वाडिनार की ओर जा रहा था।

जहाज-ट्रैकिंग डेटा के अनुसार यह घटना उस वक्त की है जब ह्यएंड्रोमेडा स्टारह्न नामक एक टैंकर जहाज मोचा के पास जलमार्ग से गुजर रहा था। हूती ने मिसाइल दागने की जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन पूर्व में इस तरह के हमलों में समूह की संलिप्तता रही है। ब्रिटिश सेना के ह्ययूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटरह्न ने भी मोचा के पास हमले की सूचना दी। हाल के हफ्तों में हूती के हमलों में कमी आई थी क्योंकि यमन में अमेरिकी नेतृत्व वाले हवाई हमले में विद्रोहियों को निशाना बनाया गया। खतरे के कारण लाल सागर और अदन की खाड़ी से जहाजों की आवाजाही पर भी असर पड़ा है।

बुधवार से, हूती विद्रोहियों द्वारा कम से कम दो हमले हुए हैं। सबसे पहले अमेरिकी ध्वज वाले जहाज ह्यएमवी यॉर्कटाउनह्न को निशाना बनाया गया। दूसरी मिसाइल ने ह्यएमएससी डार्विनह्न को निशाना बनाया।

## गाजा में इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 34,356 हुई

**गाजा।** गाजा पट्टी में जारी इजरायली हमलों में मरने वाले फिलीस्तीनियों की संख्या बढ़कर 34,356 हो गई है।

हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायली सेना ने पिछले 24 घंटों के दौरान 51 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 75 अन्य घायल हो गए। 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 34,356 हो गई है और 77,368 लोग घायल हुए हैं।

कुछ पीड़ित अभी भी मलबे के नीचे और सड़कों पर हैं। इजरायली सेना ने एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल को उन तक पहुंचने से रोक दिया है।

इस बीच, इजरायली अधिकारियों ने चिंता जताई कि गाजा के राफा में संभावित जमीनी कार्रवाई से इजरायल के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

इजरायली पब्लिक कान रेडियो की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल हेग में अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय से एक और खतरे की तैयारी कर रहा है, जिसमें वरिष्ठ इजरायली अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी होने की संभावना है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# दुबई में 'सीए क्लास अपार्ट : मेकर्स ऑफ द वर्ल्ड इकोनॉमी' पुस्तक का विमोचन




**दुबई।** स्थानीय अनंतरा होटल के बिजनेस सभागार में इथियोपिया के राजदूत और अन्य अतिथियों ने ह्नसीए क्लास अपार्ट : मेकर्स ऑफ द वर्ल्ड इकोनॉमीह्न पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक में वित्तीय संस्थानों के मालिकों, दूरदर्शी व्यवसायियों और अग्रणी लेखाकारों की सफलता और संघर्ष की कहानियों का संग्रह है।

इस मौके पर इथियोपिया के राजदूत अकलिलू केबेडे ने कहा कि इस तरह की किताब अगली पीढ़ी के लिए बहुत अच्छी साबित होगी। डीकॉम डिजाइन्स कंपनी की इस कॉफी टेबल पुस्तक के लेखक व डीकॉम डिजाइन्स कंपनी के सीईओ विकास भार्गव ने कहा कि इस पुस्तक में उन प्रसिद्ध वित्तीय संस्थानों के मालिकों, वित्त क्षेत्र में दूरदर्शी व्यवसायियों और अग्रणी लेखाकारों की उल्लेखनीय कहानियों पर प्रकाश डाला गया है, जिन्होंने वैश्विक अर्थशास्त्र के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया है। भार्गव ने कहा कि इस पुस्तक में मानवीय सरलता और दृढ़ता का महत्व उल्लेखित किया गया है कि कैसे दृष्टि, दृढ़संकल्प और उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की शक्ति से काम कर सफलता हासिल की जा सकती है। इस पुस्तक में साझा की गई सफल व्यवसायियों की कहानियों के माध्यम से पाठकों को पता चलेगा कि अपनी पृष्ठभूमि या परिस्थिति की परवाह किए बिना शिखर पर भी पहुंचा जा सकता है। भार्गव इससे पहले भी कई पुस्तकें लिख चुके हैं।

समारोह में अबूधाबी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के बिजनेस एक्जीक्यूटिव और बोर्ड सदस्य खालिद अल फहीम ने अर्थव्यवस्था के विकास के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रमुख अमीराती व्यवसायी याकूब अल अली ने कहा कि मैं इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं।

पूर्व भारतीय विदेश सेवा राजनयिक और निकाई समूह के अध्यक्ष पारस शेडादपुरी ने सीए के मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने बहुत पहले अपनी कंपनी शुरू की थी तब कैसे सीए ने उनकी मदद की थी। पुस्तक के विमोचन समारोह में सीए साहित्य चतुर्वेदी सहित कई गणमान्य और वीआईपी अतिथि मौजूद रहे।

# सिर न ढकने पर महिलाओं पर कार्रवाई कर रहा ईरान : संयुक्त राष्ट्र



**जिनेवा।** ईरान में सिर ढकने के नियमों का पालन न करने पर कई महिलाओं और लड़कियों को हिरासत में लिया गया है और सिर ढकने का नियम लागू न करने पर सैकड़ों व्यवसाय बंद कर दिए गए। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार अधिकारियों ने शुक्रवार को जिनेवा में दी।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने कहा कि देश की नैतिकता पुलिस ने कुछ सप्ताह पहले मामले में कड़ी जांच की घोषणा की थी। 2022 की शरद ऋतु में चले विरोध प्रदर्शन के बाद महिलाओं द्वारा नियमों की अनदेखी करना शुरू करने के बाद यह एक सख्त कदम प्रतीत होता है।

तुर्क ने सिर को ढकने के नियमों का पालन करने में विफल रहने पर 10 साल की जेल की सजा के साथ-साथ कोड़े मारने की सजा देने के प्रस्तावित कानून की आलोचना की। उन्होंने तेहरान से लिंग आधारित भेदभाव और हिंसा को खत्म करने का आह्वान किया।

तुर्क ने 33 वर्षीय रैपर तुमाज सालेही को मौत की सजा दिए जाने की भी आलोचना की। सालेही के गीतों ने देश में राजनीतिक उत्पीड़न का विरोध किया था। 2022 के प्रदर्शनों के दौरान वह एक प्रमुख आवाज थे।

तुर्क के कार्यालय के अनुसार, युवा कुर्द महिला महसा अमिनी की हिरासत में मौत के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने पर नौ लोगों को फांसी दी गई। महसा को ईरान की नैतिकता पुलिस ने सिर ठीक से न ढकने के आरोप में हिरासत में लिया था।

## संयुक्त राष्ट्र ने कहा, लड़कियों की उम्मीदों का कब्रगाह बना अफगानिस्तान

**काबुल।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों की स्थितियों पर चिंता जाहिर करते हुए अमानवीय बताया है। वर्तमान हालात को देखते हुए संयुक्त राष्ट्री ने अफगानिस्तान को लड़कियों की उम्मीदों के लिए कब्रगाह बताया है।

तालिबान ने 15 अगस्त, 2021 को अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद से उसने लड़कियों की छठी कक्षा से आगे की पढ़ाई प्रतिबंधित कर दी और बाद में उनके लिए विश्वविद्यालयों के दरवाजे भी बंद कर दिए। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आलोचनाओं की परवाह नहीं करते हुए तालिबान अपना प्रतिबंध जारी रखे हुए है। प्रतिबंध के बावजूद शिक्षा के अधिकार के लिए लड़कियों के संघर्ष का समर्थन करते हुए संयुक्त राष्ट्र महिला संभाग ने गुरुवार को आईसीटी में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शैक्षणिक प्रतिबंधों के सामने अफगान लड़कियों के अधिकार पर प्रकाश डाला।

हर वर्ष अप्रैल के चौथे गुरुवार को सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (कउळ) विभाग में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। ढाई वर्ष से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी तालिबान ने लड़कियों के लिए स्कूलों को फिर खोलने के बारे में कोई सार्थक वक्तव्य नहीं दिया है। यही स्थिति जारी रहने पर अफगानिस्तान में मानवीय संकट गहरा जाएगा।

## संयुक्त राष्ट्र ने सिर न ढकने वाली महिलाओं पर ईरान की कार्रवाई पर जताई चिंता

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र ने सिर ढकने के नियमों का पालन न करने पर कई महिलाओं और लड़कियों को हिरासत में लेने पर ईरान की कार्रवाइ पर चिंता जताई है। संयुक्त राष्ट्र अधिकार अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने ईरान के उस मसौदा कानून की आलोचना व्यक्त की, जिसके तहत सिर ढकने के नियमों का पालन न करने पर 10 साल की जेल की सजा के साथ कोड़े मारने की सजा दी जाएगी। तुर्क ने तेहरान से लिंग आधारित भेदभाव और हिंसा को दूर करने की अपील की है।

तुर्क ने रैपर तुमाज सालेही को मौत की सजा दिए जाने की भी आलोचना की जो 2022 के प्रदर्शनों के दौरान प्रमुख चेहरा थे। तुर्क के कार्यालय के अनुसार, कुर्द महिला महसा अमिनी की हिरासत में मौत के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों में भूमिका के लिए नौ लोगों को फांसी दी गई है। अमिनी को मोरेलिटी पुलिस ने अपना सिर ठीक से नहीं ढकने के कारण हिरासत में लिया था।

## गाजा में रेड क्रास के केंद्र पर इजराइली हमले में तीन फिलिस्तीनियों की मौत



**गाजा।** गाजा शहर में इंटरनेशनल कमेटी ऑफ रेड क्रॉस (आईसीआरसी) से संबंधित एक केंद्र को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हमले में तीन लोग मारे गए। यह जानकारी फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने शुक्रवार को दी।

सूत्रों ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि ह्नआईसीआरसी के केंद्र में शरण लिए तीन लोग इजराइली युद्धक विमानों के हमले में मारे गए।

शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अब तक आईसीआरसी ने इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।